कोटद्वार, मंगलवार
19 अगस्त 2025
वर्ष: 47
अंक: 107 पृष्ठ: 4
मूल्य: 2.00

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com

स्थापित 1979
संस्थापक : स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोन: 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## एक नजर

### शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म

विकासनगर। कोतवाली विकासनगर क्षेत्र की एक युवती ने पड़ोस के युवक पर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। युवती का आरोप है कि परिजनों ने उनका निकाहनामा भी बनवाया था, लेकिन अब उसे मानने से इनकार कर रहे हैं। पुलिस ने तहरीर के बाद युवक और उसके परिजनों पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाल विनोद गुसाईं ने बताया कि क्षेत्र की युवती ने तहरीर दी है। बताया कि उनके पड़ोस में रहने वाले सलीम पुत्र नजर से तीन साल पहले उसकी दोस्ती हुई थी। तब वह नाबालिग थी। दोनों की दोस्ती के बारे में सलीम के माता–पिता को भी जानकारी थी। उन्होंने आश्वासन दिया था कि जब वह बालिग हो जाएगी तो दोनों का निकाह करा दिया जाएगा। आरोप लगाया कि एक दिन वह घर में अकेली थी। आरोपी सलीम उसके घर में घुसा और उसके साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद उसने एक दिन और घर में आकर उसके साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद जब उसने सलीम को शादी करने के लिए कहा तो उसने मना कर दिया। धमकी दी कि पुलिस से शिकायत की तो उसे और उसके परिवार को जान से मार देंगे। बताया कि सलीम के परिजनों ने उसका और सलीम का निकाहनामा बनाया था। जिसे मानने के लिए अब वह मना कर रहे हैं। कोतवाल ने बताया कि शिकायत पर सलीम और उसके परिजनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### झाला के पास 13 वें दिन मिला एक और शव

उत्तरकाशी। पांच अगस्त को धराली स्थित खीर गंगा और तेलगाड़ में आए सैलाब में लापता हुए लोगों की खोजबीन सोमवार को 13 वें दिन भी जारी रही। सोमवार को सर्च अभियान में जुटी टीम को एक शव बरामद हुआ। जो कि एक जवान का बताया जा रहा है। शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए हर्षिल भेज दिया है। शव मिलने के बाद अब मरने वालों की संख्या दो हो गई है। जबकि 67 लोग अभी भी लापता हैं। सोमवार को हल्की बारिश के बाद भी आपदा प्रभावित क्षेत्र धराली में सर्च अभियान जारी रहा। यहां एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और सेना की टीम सर्च अभियान में जुटी रही। यहां सर्च टीम को आपदा के 13वें दिन हर्षिल से करीब तीन किमी आगे झाला के पास एक शव मिला है। शव सेना के जवान बताया जा रहा है। जिसकी शिनाख्त की जा रही है। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी शार्दुल गुसाईं ने बताया कि शव को पीएम के लिए जिला अस्पताल लाया जा रहा है। बताया कि अब तक धराली हर्षिल आपदा में दो शव मिले हैं। एनडीआरएफ की ओर से धराली में मलबे में दबे लोगों को ढूंढने के लिए ग्राउंड पेनिट्रेटिंग रडार का प्रयोग किया जा रहा है। इससे इलेक्ट्रिकल डिटेक्टर वेब किसी मलबे में करीब 40 मीटर नीचे तक दबे किसी भी तत्व की जानकारी बताता है। जीपीआर से मिले संकेतों पर खुदाई की जा रही एनडीआरएफ के असिस्टेंट कमांडेंट आरएस धपोला ने बताया कि इसकी मदद से जो तस्वीरें सामने आई हैं, उससे यह जानकारी मिली है कि धराली में आपदा प्रभावित क्षेत्र में करीब आठ से 10 फीट नीचे होटल और लोग दबे हुए हैं। कुछ स्थानों पर जीपीआर से मिले संकेतों पर खुदाई की जा रही है। कुछ दिन पहले दो खच्चरों और एक गाय के शव भी मिले थे। आपदा प्रभावित क्षेत्र को चार सेक्टर में बांट कर मलबे में दबे लोगों की तलाश की जा रही है। इसमें दो सेक्टर में एनडीआरएफ और दो में एसडीआरएफ की ओर से कार्य किया जा रहा है।

### सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने की कोशिश न करें

नई दिल्ली,लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सोमवार को स्पेशल इंटेंसिव रीविजन और अन्य मुद्दों पर विरोध प्रदर्शन कर रहे विपक्षी सांसदों को कड़ी चेतावनी देते हुए उनसे सरकारी संपत्ति को नुकसान न पहुंचाने का आग्रह किया. सदन को संबोधित करते हुए बिरला ने कहा कि जिस जोर से आप नारे लगा रहे हैं, उसी जोर से अगर आप सवाल भी पूछेंगे, तो यह देश की जनता के लिए फायदेमंद होगा. उन्होंने कहा, जनता ने आपको सरकारी संपत्ति नष्ट करने के लिए नहीं भेजा है. मैं आपसे अनुरोध करता हूं और आपको चेतावनी देता हूं कि किसी भी सदस्य को सरकारी संपत्ति नष्ट करने का विशेषाधिकार नहीं है.

# भारत की धरती उगलेगी सोना

## 6 जिलों में मिला 20 टन का खजाना; नीलामी की तैयारी शुरू



भुवनेश्वर ,खनिज संपदा के लिए प्रसिद्ध ओडिशा अब देश के स्वर्ण मानचित्र पर एक नई पहचान बनाने जा रहा है। भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (जीएसआई) ने राज्य के छह जिलों में लगभग 10 से 20 टन सोने के विशाल भंडार की पुष्टि की है। इस महत्वपूर्ण खोज के बाद राज्य सरकार ने खदानों की नीलामी की प्रक्रिया शुरू करने की तैयारी कर ली है, जिससे राज्य की अर्थव्यवस्था और स्थानीय रोजगार को भारी बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

जीएसआई द्वारा लंबे सर्वेक्षण और परीक्षण के बाद देवगढ़ के अड़स–रामपल्ली, सुंदरगढ़, नवरंगपुर, केंदुझर, अनुगुल और कोरापुट जिलों की भूमि के नीचे सोने की मौजूदगी का पता चला है। राज्य के खनन मंत्री विभूति भूषण जेना ने भी इन जिलों में सोना पाए जाने की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि इन क्षेत्रों में सोने की सांद्रता खनन के लिए आर्थिक रूप से व्यवहार्य है।

इस बड़ी खोज के बाद राज्य सरकार पूरी तरह से हरकत में आ गई है। देवगढ़ में स्थित खदान की नीलामी के लिए ओडिशा माइनिंग कॉर्पोरेशन (ओएमसी) और जीएसआई ने मिलकर प्रारंभिक प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसके अलावा, मयूरभंज, मलकानगिरी, संबलपुर और बौद्ध जैसे अन्य जिलों में भी सोने की खोज का काम जारी है।

विशेषज्ञों का मानना है कि यदि खनन सफल रहा तो यह ओडिशा के लिए एक गेम–चेंजर साबित होगा। इससे न केवल राज्य के राजस्व में भारी वृद्धि होगी, बल्कि स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के अनगिनत अवसर भी पैदा होंगे। साथ ही, खनन से जुड़े सहायक उद्योगों को भी प्रोत्साहन मिलेगा। सरकार ने स्पष्ट किया है कि खनन कार्य पूरी तरह से पर्यावरणीय मानकों के तहत किया जाएगा और प्रभावित स्थानीय लोगों के पुनर्वास व विकास का पूरा ध्यान रखा जाएगा।

यह खोज राष्ट्रीय स्तर पर भी बहुत महत्वपूर्ण है। भारत वर्तमान में अपनी सोने की जरूरत का एक बड़ा हिस्सा आयात से पूरा करता है। हर साल लगभग 700 से 800 टन सोने का आयात किया जाता है, जबकि घरेलू उत्पादन मात्र 1.6 टन है। ओडिशा की इन खदानों से उत्पादन शुरू होने पर सोने के आयात पर देश की निर्भरता काफी हद तक कम हो सकती है, जिससे भारी मात्रा में विदेशी मुद्रा की बचत होगी और देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी।

### खाई में गिरने से शिक्षक की मौत

#### –राप्राथवि बनाणी में सहायक अध्यापक के पद पर थे सेवारत

जयन्त प्रतिनिधि। थलीसैंण : थलीसैंण ब्लॉक के सौंठ मोटर मार्ग पर बनाणी के पास गहरी खाई में गिरने से एक शिक्षक की मौत हो गई है। शिक्षक रूद्रप्रयाग जिले के अगस्त्यमुनि ब्लॉक के कंडारा गांव के निवासी थे। वह राजकीय प्राथमिक विद्यालय बनाणी में सहायक के अध्यापक के पद पर सेवारत थे। थानाध्यक्ष पैठाणी सुनील रावत ने बताया कि सोमवार को थलीसैंण ब्लॉक के बनाणी गांव में पैराफिट में बैठे एक व्यक्ति के खाई में गिरने की सूचना मिली थी। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से गदेरे से बाहर निकाला। लेकिन तब तक व्यक्ति की मौत हो चुकी थी। बताया कि मृतक की पहचान राजकीय प्राथमिक विद्यालय बनाणी में सेवारत सहायक अध्यापक देवेंद्र लाल (44 वर्ष) पुत्र पानू लाल निवासी ग्राम कंडारा, अगस्तमुनि ब्लॉक, रूद्रप्रयाग जिले के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष ने बताया कि मृतक के शव का पोस्टमार्टम सीएचसी पैठाणी में होगा। घटना की जानकारी मृतक शिक्षक के परिजनों को दे दी गई है। प्रधानाध्यापक सुरेश चमोली ने बताया कि सहायक अध्यापक देवेंद्र लाल बीते दिसंबर 2024 से स्कूल में कार्यरत थे। रेस्क्यू अभियान चलाने वालो में एसआई अजय रमन, एएसआई आनंद सिंह खरोला, हेड कांस्टेबल सुरजीत सिंह, पीआरडी देवेन्द्र, पीआरडी रमेश प्रकाश, पीआरडी गौरव भंडारी, चालक हेड कांस्टेबल विजय चौहान शामिल रहे।

# हरिद्वार–ऋषिकेश में गंगा नदी का रौद्र रूप

## उत्तराखंड में आज भी भारी बारिश का अलर्ट



देहरादून। उत्तराखंड में मानसून का विकराल रूप जारी है। मौसम विभाग ने देहरादून, हरिद्वार, पौड़ी, नैनीताल, बागेश्वर और पिथौरागढ़ जिलों के लिए अगले 24 घंटों का भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है।

मौसम विभाग ने यात्रियों और स्थानीय लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है। भारी बारिश के बीच हरिद्वार और ऋषिकेश में गंगा नदी रौद्र रूप में नजर आ रही है। जलस्तर खतरे के निशान के करीब पहुंचने से तीर्थनगरी में दहशत का माहौल है। आईएमडी ने पूरे उत्तराखंड के लिए 18 अगस्त की सुबह से अगले 7 दिनों तक भारी बारिश, गरज–चमक और आंधी की संभावना जताई है। इस दौरान कुछ स्थानों पर बहुत भारी बारिश की चेतावनी भी जारी की गई है। हरिद्वार और आसपास के क्षेत्रों में रविवार शाम झमाझम बारिश से निचले इलाकों में जलभराव हो गया। अचानक हुए जलभराव से लोगों को आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। वहीं, गंगा का जलस्तर लगातार बढ़कर चेतावनी स्तर के करीब पहुंच गया है। ऋषिकेश त्रिवेणी घाट में गंगा चेतावनी से बहुत कम स्तर पर बह रही है। सुबह आठ बजे तक गंगा का स्तर 339.59 मीटर पर पहुंच गया है।

**पूर्वानुमान**

19 से 21 अगस्त तक राज्य के अधिकांश हिस्सों में भारी से अतिभारी वर्षा होने की संभावना है। अगले सात दिनों तक पर्वतीय इलाकों में भूस्खलन, मलबा बहाव और नदियों के जलस्तर बढ़ने जैसे खतरे बने रहेंगे।

मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि लगातार बारिश से पर्वतीय जिलों में भूस्खलन, सड़क अवरोध और नदी–नालों में उफान की स्थिति बन सकती है। ऐसे में चारधाम यात्रा और अन्य पर्वतीय मार्गों पर विशेष सतर्कता बरतने की जरूरत है।

# राहुल गांधी को अल्टीमेटम देने पर विपक्ष सीईसी पर आक्रामक

## कहा–पद की गरिमा बनाए रखें




नई दिल्ली,। भारत चुनाव आयोग ने वोट चोरी के आरोप पर लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को अल्टीमेटम दिया है. इसको लेकर विपक्ष आक्रमक हो गया है. चुनाव आयोग ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को निर्देश दिया कि वे या तो सात दिनों के भीतर अपने आरोपों के समर्थन में सबूतों के साथ हलफनामा दाखिल करें या सार्वजनिक रूप से पूरे देश से माफी मांगें. आयोग ने कहा कि हलफनामे के अभाव में ऐसे सभी आरोप झूठे माने जाएंगे. सत्तारूढ़ भाजपा ने चुनाव आयोग के इस कदम का स्वागत किया, जबकि इंडिया ब्लॉक ने चुनाव आयोग पर असहमति को दबाने के लिए राजनीतिक हथियार के रूप में काम करने का आरोप लगाया है. विपक्ष ने स्पष्ट कर दिया कि राहुल गांधी माफी नहीं मांगेंगे. उनका तर्क था कि उन्होंने सच कहा है और कोई गलत काम नहीं किया है.कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी ने नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का पुरजोर बचाव किया. उन्होंने कहा, मैं ज्ञानेश कुमार (मुख्य चुनाव आयुक्त) से कहना चाहूंगा कि एक संवैधानिक पद पर आसीन मुख्य चुनाव आयुक्त होने के नाते, उन्हें अपने पद की गरिमा बनाए रखनी चाहिए. जिस तरह से उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस की, उसमें वोट चोरी शब्द बहुत हल्का लगता है. अगर नागरिक अपने अधिकारों का प्रयोग ही नहीं कर पाएंगे, तो उनकी रक्षा कौन करेगा? मैं उनसे जिम्मेदारी से काम लेने और यह सुनिश्चित करने का आग्रह करता हूं कि ऐसा कुछ न हो जिससे लोगों का उन पर से विश्वास उठ जाए.कांग्रेस सांसद इमरान मसूद ने कहा, विपक्ष नेता राहुल गांधी माफी मांगें? उन्हें माफी क्यों मांगनी चाहिए? राहुल गांधी माफी नहीं मांगेंगे. उन्होंने जो कुछ भी कहा है, वह पूरी हिम्मत और दृढ़ता के साथ कहा है.उन्होंने आगे कहा कि चुनाव आयोग विपक्ष द्वारा उठाए गए मूल मुद्दों का समाधान करने में विफल रहा है. मसूद ने कहा, उन्होंने उस सवाल पर भी बात नहीं की जिसने पूरे देश में हंगामा मचा रखा है. उन्होंने इसका जिक्र तक नहीं किया. उन्होंने लोकसभा का जिक्र तक नहीं किया, जहां इतने सारे फर्जी मतदाता पकड़े गए और उनकी पहचान की गई. इसका भी कोई जिक्र नहीं था.शिवसेना (यूबीटी) की सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने भी आयोग पर निशाना साधते हुए कहा, हमें अपने सवालों का कोई ठोस जवाब नहीं मिला. यह बस एक स्क्रिप्ट थी जो भाजपा कार्यालय से तैयार की गई लगती थी और जिसका उद्देश्य विपक्ष को निशाना बनाना था. अब यह स्पष्ट हो गया है कि चुनाव आयोग अपने अधिकारों का दुरुपयोग कर रहा है, जबकि भाजपा इसे विपक्ष पर हमला करने के लिए एक हथियार के रूप में इस्तेमाल कर रही है. समाजवादी पार्टी के सांसद राम गोपाल यादव ने कहा, अगर चुनाव आयोग देश के सामने शपथ लेकर कहता है कि उसकी मतदाता सूची पूरी तरह से सही है, तो उसे हलफनामा मांगने का अधिकार है. अगर चुनाव आयोग कोई गलती करता है, तो वह सुधार के लिए आवेदन करने को कहता है, लेकिन अगर कोई उसकी ओर इशारा करता है, तो वह हलफनामा मांगता है. यह सही नहीं है. एनसीपी (एसपी) विधायक रोहित पवार ने भी चुनाव आयोग पर पक्षपात का आरोप लगाते हुए कहा, हम चुनाव आयोग से कहना चाहते हैं कि आप एक संवैधानिक संस्था हैं. आपको उसी तरह काम करना चाहिए जैसा आपसे अपेक्षित है, लेकिन आप ऐसा नहीं कर रहे हैं. आप भाजपा के एक विस्तारित विभाग की तरह काम कर रहे हैं. यहां आप वास्तविक कार्रवाई किए बिना केवल शब्दों या भाषा के माध्यम से गुमराह कर रहे हैं. केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा, चुनाव आयोग ने साफ कहा था कि उन्हें सात दिनों के भीतर हलफनामा दाखिल करना होगा, अन्यथा उन्हें (राहुल गांधी) लोगों से माफी मांगनी चाहिए. मैं पूछना चाहता हूं कि आज 18 अगस्त है, अब तक उन्होंने कितने नामों को गलत पाया है और चुनाव आयोग को सौंपा है?

### शहीद पति का पार्थिव शरीर देख बिलख पड़ी गर्भवती पत्नी

#### – कहा– मेरे पति देश के लिए शहीद हुए हैं, मुझे उन पर गर्व है

बीजापुर ,भोपालपट्टनम थाना क्षेत्र के चिल्लामरका जंगल में सोमवार सुबह हुए नक्सली हमले में छत्त्र के जवान दिनेश नाग शहीद हो गए। घटना के बाद आज शहीद जवान को शहीद वाटिका रक्षित केंद्र बीजापुर में गार्ड ऑफ ऑनर देकर अंतिम सलामी दी गई। जिसके बाद जवान के गृहग्राम संजयपारा में जवान के पार्थिव शरीर को रखा गया।

गांव पहुंचते ही परिजनों, दोस्तों और आसपास के लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। हर कोई आंसूओं और श्रद्धा के साथ अंतिम विदाई देने आया। अंतिम संस्कार से पहले पार्थिव शरीर को तिरंगे में लपेटा गया और पूरे सम्मान के साथ तिरंगा उनकी पत्नी को सौंपा गया। इस भावुक क्षण में जवान का पार्थिव शरीर देख उनकी पत्नी बिलख पड़ी और गर्व से कहा कि– मेरे पति ने देश के लिए शहीद हुए है, मुझे उन पर गर्व है।

पुलिस को चिल्लामरका जंगल में नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना मिली थी। इसके बाद छत्त्र की टीम एंटी–नक्सल अभियान पर निकली। सोमवार तड़के करीब 4 बजे जवान सर्च ऑपरेशन कर रहे थे कि घात लगाए बैठे नक्सलियों ने इ्र्ढष्ठ ब्लास्ट कर दिया। इस हमले में दिनेश नाग समेत चार जवान घायल हो गए। ब्लास्ट इतना भीषण था कि दिनेश नाग का एक पैर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, दूसरा भी उखड़ गया और भारी रक्तस्राव के चलते उन्होंने मौके पर ही दम तोड़ दिया।

# भारत–नेपाल सीमा पर बचाई गई 16 वर्षीय नाबालिग युवती



नक्सलबाड़ी ,भारत – नेपाल सीमा पर तैनात सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) 41वीं वाहिनी की सी कंपनी पानीटंकी के जवानों ने रविवार देर शाम एक 16 वर्षीय नाबालिग युवती को मानव तस्करी गिरोह से बचा लिया गया। इस संबंध में एक आरोपित को भी हिरासत लिया है। आरोपित का नाम संदेश राय (25) है। आरोपित पड़ोसी देश नेपाल के झापा जिले का निवासी बताया गया है। जबकि नाबालिग असम राज्य की निवासी बताई गई है। एसएसबी सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार प्रारंभिक पूछताछ में नाबालिग ने एसएसबी को बताया कि वह संदेश राय उसे बैंगलोर से गया था और उससे शादी का वादा किया था। नाबालिग बैंगलोर में अपने भाई के साथ रहती है और एक होटल में नौकरानी का काम करती थी। इसके बाद नाबालिग लड़की और संदेश राय दोनों साथ 14 अगस्त की रात 11 बजे बैंगलोर से ट्रेन से नेपाल के लिए रवाना हुए और 16 अगस्त की रात 11:30 बजे एनजेपी रेलवे स्टेशन पहुंचे । इसके बाद एनजेपी के पास ग्रुंग होटल में रात भर रुके। संदेश राय ने दावा किया कि वह उनके रिश्तेदार का होटल था। इसके बाद 17 अगस्त को नेपाल जाने की कोशिश कर रहे थे।सीमा स्तंभ संख्या 90 से लगभग 200 मीटर दूर, भारतीय उसी दौरान एसएसबी जवानों ने सीमा में पुराने बीआईटी पानीटंकी पुल पर नियमित जांच के दौरान पकड़ लिया। बाद में एसएसबी ने बचाई गई नाबालिग और आरोपित को खोरीबाड़ी पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस आगे की जांच कर रही है। गौरतलब है कि बीते एक अगस्त को 41वीं वाहिनी की सी कंपनी पानीटंकी के जवानों ने सात युवतियों को मानव तस्करी गिरोह से बचाया था।

# केदारनाथ धाम की यात्रा सुचारू, 1500 यात्री धाम रवाना



रुद्रप्रयाग : जनपद में हो रही लगातार बारिश के चलते केदारनाथ, मद्महेश्वर और तुंगनाथ आने वाले यात्रियों को मुश्किलें उठानी पड़ रही है। हालांकि सोमवार को केदारनाथ की यात्रा सुचारु रही, दोपहर तक 1500 से अधिक यात्री धाम रवाना हुए किंतु मद्महेश्वर की यात्रा पैदल मार्ग क्षतिग्रस्त होने से बाधित रही। हल्की बारिश के बीच सुबह सोनप्रयाग और गौरीकुंड से 1500 से अधिक यात्रियों को पुलिस ने सुरक्षित केदारनाथ के लिए रवाना किया। हालांकि सुबह बारिश के चलते 10 बजे बाद यात्री धाम भेजे गए। हर दिन बड़ी संख्या में यात्री सोनप्रयाग पहुंच रहे हैं। इधर, द्वितीय केदार मद्महेश्वर की यात्रा सोमवार को प्रभावित रही। बनतोली और गौंडार के बीच पैदल रास्ता ध्वस्त होने के कारण यात्रियों की सुरक्षा के चलते आवाजाही नहीं कराई गई। यात्रियों की सुरक्षा के लिए यहां एसडीआरएफ के साथ ही डीडीआरएफ की टीम मौजूद हैं। स्थानीय लोग भी यात्रियों की लगातार मदद कर रहे हैं। बीते दिन रेस्क्यू टीमों द्वारा मद्महेश्वर से आने वाले पौने दो सौ यात्रियों को सुरक्षित गौंडार लाया गया। जबकि सोमवार को कई यात्री गौंडार पहुंचे जो मद्महेश्वर जाना चाहते थे किंतु पैदल रास्ता टूटने के कारण उन्हें इंतजार करने को कहा। लोक निर्माण विभाग की टीम भी बनतोली पहुंच गई है जो पैदल मार्ग को चलने लायक बनाने का प्रयास कर रही है।

### बारिश के चलते टिमली गांव में 9 मकान ढहे

विकासनगर। टिमली गांव में हुए नुकसान का जायजा लेने सोमवार को तहसील प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची। इसकी जानकारी मिलते ही प्रभावित ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। मौका मुआयना करने के बाद टीम के सदस्यों ने प्रभावितों को सहायता राशि दिलाने का भरोसा दिया। रविवार को बारिश के चलते टिमली गांव में नौ कच्चे मकान भरभरा कर गिर गए थे। कुछ दिन पूर्व भी 15 कच्चे मकान ध्वस्त हो गए थे। मकानों के ध्वस्त होने के कारण लोगों के सामने सर छुपाने का संकट पैदा हो गया है। टीम के सदस्यों ने ध्वस्त हुए मकानों के साथ ही क्षतिग्रस्त संपर्क मार्ग, क्षतिग्रस्त पेयजल योजना समेत अन्य प्रभावित स्थलों का निरीक्षण। बताया कि संबंधित अधिकारियों को रिपोर्ट सौंपकर उचित सहायता मुहैया कराई जाएगी। उधर, एसडीएम विनोद कुमार ने बताया कि सभी प्रभावितों को उचित सहायता दी जा रही है।

# जागड़ा पर्व की तैयारियों को लेकर महाराज के अधिकारियों को निर्देश

#### – बसों की व्यवस्था हेतु हिमाचल के परिवहन मंत्री को लिखा पत्र



देहरादून। प्रदेश के पर्यटन, लोक निर्माण, सिंचाई, पंचायतीराज, ग्रामीण निर्माण, जलागम, धर्मस्व एवं संस्कृति मंत्री सतपाल महाराज ने विधानसभा सत्र गैरसैंण रवाना होने से पूर्व 26–27 अगस्त 2025 को हनोल में होने वाले जागड़ा पर्व की समय से पूर्व तैयारियों को लेकर सचिव पर्यटन, जिलाधिकारी, एसएसपी और एसडीएम चकराता से वार्ता कर आवश्यक दिशा–निर्देश दिए हैं।हनोल स्थित महासू महाराज एवं दसउ में चालदा महाराज में 26–27 अगस्त 2025 को होने वाले जागड़ा पर्व की तैयारियों के तहत सड़कों, स्वास्थ्य सेवाओं, श्रद्धालुओं के लिए समुचित पेयजल की आपूर्ति, भण्डारे की व्यवस्था, भीड़ नियंत्रण हेतु पुलिस व्यवस्था, हनोल एवं दसउ तक श्रद्धालुओं के आवागमन के लिए परिवहन व्यवस्था, पार्किंग, ट्रैफिक नियंत्रण की योजना, शौचालयों की व्यवस्था और जागड़ा पर्व के दौरान पूर्व की भांति जौनसार भाबर तथा उत्तरकाशी क्षेत्र के विद्यालयों में सार्वजनिक अवकाश किये जाने आदि सभी तैयारियों को लेकर प्रदेश के पर्यटन, लोक निर्माण, सिंचाई, पंचायतीराज, ग्रामीण निर्माण, जलागम, धर्मस्व एवं संस्कृति मंत्री सतपाल महाराज ने सोमवार को विधानसभा सत्र हेतु गैरसैंण रवाना होने से पूर्व सचिव पर्यटन, जिलाधिकारी, एसएसपी और एसडीएम चकराता से वार्ता कर आवश्यक दिशा–निर्देश दिए।

पर्यटन, धर्मस्व एवं संस्कृति मंत्री महाराज ने हिमाचल प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं परिवहन मंत्री मुकेश अग्निहोत्री को पत्र लिखकर अनुरोध किया है कि हनोल स्थित महासू महाराज और दसउ में चालदा महाराज में होने वाले जागड़ा पर्व में हिमाचल प्रदेश से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए हिमाचल परिवहन निगम से भी पूर्व की भांति बसों की व्यवस्था की जाये।

# सुप्रीम कोर्ट ने बेटिंग ऐप्स केस टाला, डॉ. के. ए. पॉल ने बढ़ती मौतों पर जताई गहरी चिंता

#### निमिषा प्रिया मामले में झूठी रिपोर्टों पर रोक लगाने की मांग



नई दिल्ली, सुप्रीम कोर्ट में आज, 18 अगस्त को कोर्ट नंबर 2 में बेटिंग ऐप्स से जुड़े अहम मामले की सुनवाई होनी थी। यह तारीख खुद अदालत ने 1 अगस्त को अपने आदेश में तय की थी। लेकिन अप्रत्याशित रूप से मामला अब टाल दिया गया है और इसे कल के लिए पुनः सूचीबद्ध करने का अनुरोध किया गया है। इस स्थगन पर गहरी चिंता जताते हुए डॉ. के. ए. पॉल ने कहा कि हर दिन की देरी से भारतीय युवाओं की जान जा रही है। उन्होंने कहा, "कोर्ट ने ही 18 अगस्त को अंतरिम आदेश जारी करने और मामले को केंद्र सरकार को सौंपने का आश्वासन दिया था। लेकिन अचानक हुई देरी से हालात और बिगड़ रहे हैं। बीते दिनों ही तीन युवाओं ने आत्महत्या कर ली, एक युवक ने बेटिंग के पैसों को लेकर अपने पिता की हत्या कर दी और एक अन्य शख्स अपनी मासूम बेटी को बेसहारा छोड़ गया। आखिर कितनी और जानें जाएँगी तब जाकर निर्णायक कदम उठाया जाएगा?" डॉ. पॉल ने युवा सुरेश का दर्दनाक मामला भी उठाया। सुरेश ने आत्महत्या से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर बेटिंग ऐप्स पर तत्काल प्रतिबंध लगाने की मांग की थी। वह अपनी छह साल की बेटी को पीछे छोड़ गया। उन्होंने कहा, "ये ऐप्स करोड़ों युवाओं का भविष्य निगल रहे हैं। लगभग 30 करोड़ युवा, सेलिब्रिटीज़, क्रिकेटरों और अभिनेताओं के भ्रामक प्रचार के चलते इन अवैध प्लेटफार्मों के शिकार हो रहे हैं। परिवार बर्बादी के कगार पर पहुँच रहे हैं, लेकिन कार्रवाई अब भी अधूरी है। अदालत की तत्परता ज़मीनी हालात की गंभीरता के अनुरूप होनी चाहिए।"इसी बीच, डॉ. पॉल ने भारतीय नर्स निमिषा प्रिया के मामले में भी एक याचिका दाखिल की है, जिसमें उन्होंने झूठी खबरों और मनगढ़ंत दावों पर रोक (गैग ऑर्डर) की मांग की है। यमन में फांसी की सज़ा का सामना कर रहीं निमिषा ने जेल से एक पत्र भेजा है, जिस पर उनकी मां और भारत सरकार द्वारा अधिकृत पावर ऑफ अटॉर्नी धारक श्री सैमुअल जेरोम के हस्ताक्षर भी हैं। पत्र में चेतावनी दी गई है कि झूठी रिपोर्टें और दावे एक बार फिर पीड़ित अब्दुल फतेह द्वारा उनकी त्वरित फांसी की मांग को हवा दे रहे हैं–संभवतः 20 अगस्त तक।डॉ. पॉल ने कहा, "यह तीसरी बार है जब ऐसी मांग उठी है। जुलाई में फांसी पर रोक मिली थी,

### पीएम मोदी ने की सीपी राधाकृष्णन से मुलाकात

नई दिल्ली ,प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को एनडीए के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन से मुलाकात की। प्रधानमंत्री ने उन्हें एनडीए के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के रूप में चुने जाने पर शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि राधाकृष्णन के अनुभव से देश को बहुत लाभ होगा। प्रधानमंत्री मोदी ने सोमवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से मुलाकात की तस्वीरें शेयर की। उन्होंने लिखा, सीपी राधाकृष्णन से मुलाकात की। उन्हें एनडीए के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार बनने पर बधाई दी। उनके लंबे समय तक सार्वजनिक सेवा और विभिन्न क्षेत्रों में अनुभव से हमारे देश को बहुत लाभ होगा। मैं कामना करता हूं कि वे हमेशा की तरह समर्पण और दृढ़ता के साथ राष्ट्र की सेवा करते रहें, जो उन्होंने हमेशा दिखाया है। इससे पहले, पीएम मोदी ने रविवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्सझ् पर पोस्ट कर राधाकृष्णन को एनडीए का उपराष्ट्रपति उम्मीदवार बनने पर बधाई दी थी। उन्होंने लिखा, थिरु सीपी राधाकृष्णन ने अपने लंबे सार्वजनिक जीवन में अपनी लगन, विनम्रता और बुद्धिमत्ता से अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है।

## बिहार मतदाता सूची पुनरीक्षण

# ईडी ने वोटर लिस्ट से हटाए गए 65 लाख लोगों के नामों की लिस्ट की जारी

नई दिल्ली ,मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद बिहार की मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत हटाए गए नामों की सूची जिला मजिस्ट्रेटों की वेबसाइटों पर डाल दी गई है। गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट ने पिछले सप्ताह चुनाव आयोग को आदेश दिया था कि वह मतदाता सूची से हटाए गए 65 लाख नामों का पूरा ब्योरा सार्वजनिक करे। प्रेस कॉन्फ्रेंस में मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि भारत में संसद और विधानसभा चुनावों की व्यवस्था एक बहु–स्तरीय व विकेंद्रीकृत ढांचे पर आधारित है। मतदाता सूची तैयार करने की जिम्मेदारी इलेक्टोरल रजिस्ट्रेशन ऑफिसर्स (ईआरओ) और बूथ लेवल ऑफिसर्स (बीएलओ) की होती है, जो एसडीएम स्तर के अधिकारी होते हैं। सूची की सटीकता सुनिश्चित करना इन्हीं अधिकारियों का दायित्व है। उन्होंने बताया कि ड्राफ्ट मतदाता सूची प्रकाशित होने के बाद इसकी डिजिटल और भौतिक प्रतियां सभी राजनीतिक दलों को दी जाती हैं और साथ ही इसे चुनाव आयोग की वेबसाइट पर भी उपलब्ध कराया जाता है, ताकि कोई भी व्यक्ति इसे देख सके। इस प्रक्रिया में पूरी पारदर्शिता बरती जाती है।

**दावे और आपत्तियों का अवसर**

ज्ञानेश कुमार ने जानकारी दी कि बिहार में ड्राफ्ट मतदाता सूची 1 अगस्त को प्रकाशित की गई थी, जिस पर 1 सितंबर तक दावे और आपत्तियां दर्ज कराई जा सकती हैं।

## सम्पादकीय

# पंचायत और आपदा का ग्रहण

उत्तराखंड का विधानसभा सत्र कल से 11 साल में शुरू होने जा रहा है। स्पष्ट है कि कुछ खास मुद्दों को लेकर सत्र में सरकार और विपक्ष के बीच जबरदस्त टकराव के आसान नजर आ रहे हैं जिसमें मुख्य मुद्दा नैनीताल पंचायत चुनाव को लेकर है तो वहीं धराली आपदा के मसले पर भी सरकार को सदन में न केवल अपना पक्ष रखना है बल्कि विपक्ष के तेवरों का भी सामना करना पड़ेगा। नैनीताल पंचायत चुनाव में अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद के वोटिंग को लेकर जो हंगामा नैनीताल में देखने को मिला वह अब सरकार के गले की फांस भी बनता हुआ नजर आ रहा है। नैनीताल उच्च न्यायालय के कड़े तेवरों के बाद तो कांग्रेस इस मुद्दे पर और अधिक मुखर हो चुकी है जिसका असर स्पष्ट तौर पर गैरसैण विधानसभा में देखने को मिलेगा। सरकार इस मुद्दे से बच नहीं पाएगी खासतौर से कानून व्यवस्था पर कोर्ट ने एसएसपी नैनीताल की कार्यशैली को भी लताड़ लगाई है और उनको पद से हटाने तक की बात भी कह डाली। सत्र से पहले ही उत्तराखंड में पांच जिला पंचायत सदस्यों के अपहरण का मामला तूल पकड़ चुका है। सड़क से लेकर अदालत तक इस पर खींचतान चल रही है। पांच पंचायत सदस्यों के अपहरण से उपजे विवाद के बाद जिला पंचायत अध्यक्ष पद की उम्मीदवार पुष्पा नेगी ने मामले में शामिल लोगों पर कोई ऐक्शन न होने को लेकर हाई कोर्ट का रुख किया था। घटना में 14 अगस्त को नैनीताल जिला पंचायत चुनाव के दौरान पंचायत सदस्यों डिकर सिंह, विपिन जंतवाल, तरुण कुमार शर्मा, प्रमोद सिंह और दीप सिंह बिष्ट का अपहरण कर लिया गया था, जिनके वायरल वीडियो ने उत्तराखंड की राजनीति को गरमा दिया था। फिर नाटकीय तरीके से इस घटना के बाद पांचों का एक वीडियो आया जिसमें वे कहते नजर आए कि अपने अपनी मर्जी से घूमने निकल गए थे। स्पष्ट है कि पांचो को बेहद अच्छी तरीके से मैनेज किया गया था लेकिन इससे पहले सड़क पर लोकतंत्र और कानून की जमकर धज्जियां उडी। नैनीताल पुलिस की कार्यशैली मजाक बनकर रह गई यहां तक की कोर्ट ने एसएसपी को तलब किया और कोर्ट में ही उनसे जवाब तलब करते हुए जमकर फटकार भी लगाई। उत्तराखंड में विरले ही ऐसा देखने को मिला है जब किसी कप्तान को अदालत में इस प्रकार से कड़ी फटकार लगी हो और उन्हीं के सामने उन्हें पद से हटाने की बात तक कही गई। स्पष्ट है कि यह सब उस वक्त हुआ है जब गैरसैण में विधानसभा सत्र होने जा रहा है जिसमें जहां सरकार ने विधायक लाने के लिए विपक्ष का भी समर्थन मांगेगा तो वही नैनीताल पंचायत चुनाव में पंचायत सदस्यों के अपहरण का मामला एवं धराली आपदा के मुद्दे पर घमासान निश्चित है। सबसे महत्वपूर्ण बात तो यह होगी की गैरसैण में वैसे ही बड़ी मुश्किल से सत्र आयोजित हो पाते है जो कभी मौसम के कारण तो कभी दूसरे कारणों से पूरे नहीं हो पाते। इस बार भी आपदा और पंचायत चुनाव का मुद्दा यदि गैरसरण सत्र के दौरान शांति से निपटते हैं तो समझना चाहिए कि गैरसैण में सत्र उपलब्धियां से भरा हुआ रहा है। हालांकि इसकी उम्मीद कम ही नजर आ रही है। कांग्रेस को लंबे समय बाद एक बड़ा मुद्दा सरकार को सदन और सड़क पर घेरने के लिए मिला है, जिसमें इस बार वह चूकने का मौका नहीं छोड़ेगी।

# भोजन और बैठक से क्या हासिल हुआ?

**अजीत द्विवेदी**

विपक्षी गठबंधन 'इंडिया के नेताओं की राहुल गांधी के नए सरकारी आवास पर बैठक हुई और सबने जरूरी राजनीतिक मुद्दों पर चर्चा के बाद एक साथ भोजन भी किया। इसके बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने 'इंडियाइ ब्लॉक के नेताओं को भोजन कराया। लेकिन इस भोजन और बैठक से क्या हासिल हुआ? क्या कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी चिदंबरम ने इस गठबंधन के अस्तित्व को लेकर जो सवाल उठाए थे उनका जवाब मिल गया?

क्या यह स्थापित हो गया कि विपक्षी गठबंधन उसी स्वरूप में बना हुआ है, जिस स्वरूप में यह अपने गठन के समय था और आज भी इसका उद्देश्य वही है, जो 2023 के जून महीने में पटना के एक, अणे मार्ग में तय हुआ था? ये सवाल इसलिए है क्योंकि पिछले छह महीने में कई नेता 'इंडिया ब्लॉक के अस्तित्व पर सवाल उठा चुके हैं और कह चुके हैं कि इसका गठन लोकसभा चुनाव 2024 के लिए किया गया था। यानी लोकसभा चुनाव 2024 खत्म तो इसका अस्तित्व भी खत्म! संसद सत्र में जो एकजुटता दिख रही है वह भी सिर्फ मानसून सत्र के लिए है और उसे दीर्घकालिक एकजुटता नहीं समझना चाहिए।

वास्तविकता यह है कि विपक्षी गठबंधन यानी 'इंडिया ब्लॉक का अब वैसे ही अस्तित्व नहीं है, जैसे यूपीए का नहीं रहा। ध्यान रहे 2004 के लोकसभा चुनाव के बाद यूपीए का गठन हुआ था। मनमोहन सिंह प्रधानमंत्री बने थे और सोनिया गांधी यूपीए की चेयरपर्सन बनी थीं। यह गठबंधन 2014 के लोकसभा चुनाव तक बना रहा। लेकिन 2014 का चुनाव हारने के बाद यह समाप्त हो गया। सोचें, कितनी हैरानी की बात है कि 1998 में अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार के समय बना एनडीए आज तक चल रहा है। कई बार चुनाव हारने के बाद भी एनडीए बना रहा लेकिन एक बार चुनाव हारते ही यूपीए समाप्त हो गया। वैसे ही 2024 के चुनाव से पहले 'इंडियाइ का गठन हुआ और चुनाव नतीजों के बाद धीरे धीरे इसका अस्तित्व समाप्त हो गया। अभी निकट भविष्य में इसके रिवाइवल की संभावना नहीं दिख रही है। फिर कभी विपक्षी गठबंधन फिर बना तो हो सकता है कि उसका नाम कुछ और हो।

> लोकसभा चुनाव में भी विपक्ष का गठबंधन कोई परफेक्ट नहीं था। पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी ने कोई तालमेल नहीं किया था। विपक्षी गठबंधन की पार्टियां अलग अलग लड़ी थीं तो केरल में कांग्रेस और सीपीएम के नेतृत्व वाले गठबंधन में कोई तालमेल नहीं हुआ था। यह एक टैक्टिकल पोजिशन थी, जो पार्टियों ने राज्यों की राजनीतिक वास्तविकता को ध्यान में रख कर चुनी थी। लोकसभा चुनाव के बाद इस टैक्टिकल पोजिशन में भी बिखराव हुआ है और स्ट्रैटिजिकल पोजिशन भी पहले वाली नहीं है। लोकसभा चुनाव साथ मिल कर लड़ी आम आदमी पार्टी अब गठबंधन से अलग हो गई है।

वैसे भी राज्यों में 'इंडिया ब्लॉक नाम से कोई गठबंधन नहीं है। महाराष्ट्र में भाजपा विरोधी गठबंधन को 'महाविकास अघाड़ीइ कहते हैं, जिसका नेतृत्व किस पार्टी के हाथ में है यह किसी को पता नहीं है। बिहार में इसे 'महागठबंधनइ कहते हैं, जिसका नेतृत्व राजद के हाथ में है। बिहार के पड़ोसी झारखंड में भी इसे 'महागठबंधनइ कहते हैं, जिसका नेतृत्व झारखंड मुक्ति मोर्चा के हाथ में है। तमिलनाडु में इसका नाम 'सेकुलर प्रोग्रेसिव एलायंसइ है, जिसकी कमान एमके स्टालिन की पार्टी डीएमके संभालती है। केरल में भारतीय जनता पार्टी एक बड़ी ताकत नहीं है। वहां कांग्रेस के नेतृत्व में एक गठबंधन है, जिसका नाम यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट यानी यूडीएफ है।

इसकी लड़ाई सीपीएम के नेतृत्व वाले लेफ्ट डेमोक्रेटिक फ्रंट से होती है। उत्तर प्रदेश में कांग्रेस और समाजवादी पार्टी साथ मिल कर 'इंडियाइ ब्लॉक के बैनर तले लोकसभा का चुनाव लड़े थे। विधानसभा चुनाव में इनका गठबंधन कैसे बनता है यह देखने वाली बात होगी। यह बहुत दिलचस्प बात है कि केरल को छोड़ कर जिस प्रदेश में कांग्रेस मजबूत है वहां कोई प्रादेशिक गठबंधन नहीं है। कर्नाटक से लेकर तेलंगाना और मध्य प्रदेश से लेकर छत्तीसगढ़ और गुजरात से लेकर राजस्थान, दिल्ली, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड आदि सभी राज्यों में कांग्रेस अपने भरोसे है।

बहरहाल, लोकसभा चुनाव में भी विपक्ष का गठबंधन कोई परफेक्ट नहीं था। पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी ने कोई तालमेल नहीं किया था। विपक्षी गठबंधन की पार्टियां अलग अलग लड़ी थीं तो केरल में कांग्रेस और सीपीएम के नेतृत्व वाले गठबंधन में कोई तालमेल नहीं हुआ था। यह एक टैक्टिकल पोजिशन थी, जो पार्टियों ने राज्यों की राजनीतिक वास्तविकता को ध्यान में रख कर चुनी थी। लोकसभा चुनाव के बाद इस टैक्टिकल पोजिशन में भी बिखराव हुआ है और स्ट्रैटिजिकल पोजिशन भी पहले वाली नहीं है। लोकसभा चुनाव साथ मिल कर लड़ी आम आदमी पार्टी अब गठबंधन से अलग हो गई है।

विधानसभा चुनाव के लिए ममता बनर्जी साथ नहीं आ रही हैं तो केरल में भी यूडीएफ और एलडीएफ को एक दूसरे के खिलाफ ही लड़ना है। लोकसभा और विधानसभा चुनाव में साथ रही उद्धव ठाकरे की शिव सेना के बारे में पक्के तौर पर नहीं कहा जा सकता है कि वह स्थानीय निकाय चुनावों में कांग्रेस के साथ है। उद्धव ठाकरे ने राज ठाकरे से हाथ मिला लिया है तो वैसे भी कांग्रेस के लिए स्पेस कम हो गया है। ऐसा लग रहा है कि महाराष्ट्र में स्थानीय निकाय का चुनाव 'इंडियाइ ब्लॉक की पार्टियां अलग अलग लड़ेंगी।

सो, संसद में विपक्ष की एकता या राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे के बुलावे पर विपक्षी नेताओं के जुटने का मतलब यह नहीं है कि 'इंडियाइ ब्लॉक रिवाइव हो रहा है या उसको मजबूती मिल रही है। संसद सत्र के दौरान सदन में बाहर भी मौजूदा एकजुटता मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर को लेकर है। विपक्षी पार्टियां इस मसले पर एकजुट हैं। उन्होंने अरसे बाद सड़क पर उतर कर ताकत दिखाई, जब विपक्षी सांसदों ने निर्वाचन सदन की ओर मार्च किया। उनको लग रहा है कि मतदाता सूची में होने वाला बदलाव उनको स्थायी रूप से सत्ता से दूर कर सकता है। इसलिए सभी पार्टियां साथ आ गई हैं।

मतदाता सूची, ईवीएम और चुनाव प्रक्रिया में दूसरी कथित गड़बड़ियों के नाम पर चुनाव आयोग से लड़ने में सभी पार्टियां साथ हैं। लेकिन इसका यह मतलब नहीं है कि उनमें कोई चुनावी तालमेल होने जा रहा है।

चुनावी तालमेल उन्हीं राज्यों में होगा, जहां पहले से है। यानी यथास्थिति बनी रहेगी। बिहार में इस साल 'महागठबंधनइ साथ में चुनाव लड़ेगा तो अगले तमिलनाडु में भी विपक्षी गठबंधन एक होकर लड़ेगा। लेकिन इसके अलावा पश्चिम बंगाल, असम और केरल में 'इंडियाइ ब्लॉक की पार्टियां एक दूसरे के खिलाफ लड़ेंगी। विपक्षी एकजुटता तो तब मानी जाएगी, जब पश्चिम बंगाल और असम में तृणमूल कांग्रेस, कांग्रेस और लेफ्ट के बीच और केरल में यूडीएफ व एलडीएफ के बीच कोई प्रत्यक्ष या परोक्ष गठबंधन बने। इसकी संभावना नहीं दिख रही है।

## मतदाताओं के नाम हटाए जाने पर विवाद

देश के चुनाव आयोग ने सुप्रीम कोर्ट को सूचित किया है कि कानूनन चुनाव निकाय को मसौदा मतदाता सूची से गायब लोगों के नामों की अलग से सूची तैयार करने/साझा करने या किसी भी कारण उनके नाम न शामिल करने के कारणों को प्रकाशित करने की जरूरत नहीं है। अदालत को गुमराह करने के लिए याचिकाकर्ता के खिलाफ अवमानना कार्रवाई का आग्रह करते हुए आयोग ने पूरक हलफनामे के साथ दायर अन्य जवाब में कहा– अधिकार के तौर पर वे ऐसी कोई सूची नहीं मांग सकते। अपने मामले की पुष्टि के लिए आयोग ने जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 तथा मतदाता पंजीकरण नियम 1960 के नियम 10 व 11 का हवाला दिया। बिहार में इस विवादित मसौदा सूची में 7.24 करोड़ मतदाताओं के नाम शामिल हैं, जिसमें पैंसठ लाख से ज्यादा मतदाताओं के नाम हटाए जाने पर विवाद है। आयोग का दावा है, वे या तो मर चुके हैं या पलायन कर चुके हैं। हालांकि इस दावे का आधार बहुत सतही मालूम पड़ता है। याचिकाकर्ता गैर–सरकारी संगठन द्वारा इन गैर–मौजूद नामों की सूची कारण के साथ उपलब्ध कराने की मांग के बाद आयोग ने अपना जवाब दाखिल किया। आयोग का कहना है, उसने अपने दायित्व कानून के दायरे में पूरे किये और नियमानुसार निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी को मसौदा सूची की प्रति उपलब्ध कर दी।साथ ही प्रत्येक मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल को सूची की दो प्रतियां प्रदान करने की व्यवस्था भी है। आयोग के अनुसार छूटे नामों वाले मतदाता बूथस्तरीय एजेंटों व अन्य माध्यमों से संपर्क कर सकते हैं, परंतु सवाल है कि जो मतदाता वास्तव में दूर–दराज या राज्य से बाहर हैं, वे अपना नाम सूची में जांचने के लिए बारंबार लौट नहीं सकते। हालांकि आयोग ने पहली सितम्बर तक दावा या आपत्तियां दर्ज कराने का समय दिया है, परंतु यह आश्रितों, कमजोर आयवर्ग वालों व अशिक्षितों के लिए मात्र रस्म अदायगी लग रहा है। बड़ी संख्या में अप्रवासी मजदूरों से मतदाता सूची में नाम शामिल करवाने के लिए लौटना ज्यादा ही आशा करने सरीखा है। हैरत है, आधारकार्ड/पैन व जन्म–मृत्यु प्रमाणपत्रों को आवश्यक बताए जाने के बावजूद संबंधित विभागों से संपर्क करने जैसी व्यवस्थाएं करने में सरकारें और अफसरशाही बुरी तरह असफल हैं। आरोपों–प्रत्यारोपों के दरम्यिान यह केंद्र का जिम्मा है कि वह ऐसे ठोस पहचान–पत्र की व्यवस्था करे, जिसमें नागरिकों की संपूर्ण जानकारी उपलब्ध हो सके।

## एमएबी में बढ़ोतरी यकीनन अप्रिय और अनुचित

आईसीआईसीआई बैंक, भारत का दूसरा सबसे बड़ा निजी बैंक, ने एक अगस्त या उसके बाद खोले जाने वाले नये बचत बैंक खातों के लिए न्यूनतम शेष राशि की अनिवार्यता पांच गुना बढ़ा कर 50 हजार रुपये कर दी है। आईसीआईसीआई बैंक के ग्राहकों के लिए 31 जुलाई, 2025 तक बचत बैंक खातों में न्यूनतम मासिक औसत शेष राशि (एमएबी) 10 हजार रुपये थी। बैंक की वेबसाइट पर उपलब्ध जानकारी के मुताबिक, अर्ध–शहरी इलाकों में यह सीमा 25 हजार और ग्रामीण इलाकों में 10 हजार रुपये कर दी गई है।

अलबत्ता, एक अगस्त से पहले खोले गए बचत खातों पर यह नियम लागू नहीं होगा। वेतन खातों, प्रधानमंत्री जनधन खातों और बेसिक सेविंग्स बैंक डिपॉजिट अकाउंट धारकों को इस नियम से छूट मिलेगी क्योंकि ये सभी जीरो बैलेंस खाते हैं।

इसके अलावा, वेतनभोगियों को भी बढ़े शुल्कों से छूट मिलती रहेगी। अरसे से बैंक में न्यूनतम राशि बनाए रखने को लेकर बैंक सेवाभोगियों की शिकायत जब–तब उठती रही है। इस बाबत केंद्रीय बैंक भारतीय रिजर्व बैंक के बैंक सेवा प्रभाग में शिकायतें भी पहुंचीं। कहा गया कि न्यूनतम राशि खाते में बनाए रखने के नाम पर ग्राहकों को बेजा परेशान किया जाता है। मामले ने तूल पकड़ा तो कुछ बैंकों ने इस अनिवार्यता को या तो शिथिल कर दिया है, या बिल्कुल ही खत्म कर दिया। स्टेट बैंक ने सबसे पहले इस दिशा में कदम उठाते हुए 2020 में न्यूनतम राशि की सीमा को खत्म कर दिया था। बाद में यूनियन बैंक ऑफ इंडिया और बैंक ऑफ बड़ौदा ने भी यह अनिवार्यता समाप्त कर दी। इंडियन बैंक ने भी हाल में 7 जुलाई, 2025 को न्यूनतम राशि रखने की अनिवार्यता को समाप्त किया है। दरअसल, इस बात को समझा जाना जरूरी है कि बैंक ग्राहक–हितैषी सेवा प्रदान करें।

# भारतीय ज्ञान और परंपरा को पुनः स्थापित करेगी नई शिक्षा नीति

**भारतीय संस्कृति को समझने के लिए भारतीय ज्ञान व परंपरा का होना आवश्यक**
**भारतीय संस्कृति, सभ्यता व वैदिक ज्ञान को संरक्षित करके रखेगी नई शिक्षा नीति**



लेखक,
शिक्षाविद् डा. कुलदीप गौतम

संस्कृत, संस्कृति और भारतीयता केवल शब्दमात्र नहीं, अपितु भारत की प्राचीन शिक्षा परम्परा से घनिष्ठता से जुड़े हैं। प्राचीनकाल से ही भारत अपने धामर्कि ग्रंथों, सांस्कृति और बहुभाषावाद के लिए प्रसिद्ध रहा है। भारतीय संस्कृति को समझने के लिए भारतीय ज्ञान और परंपराओं का होना आवश्यक है। इसी के तहत नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी-2020) में शिक्षा के हर स्तर पर भारतीय ज्ञान परम्परा की प्रासांगिकता को शामिल करने पर जोर दिया है। भारतीय ज्ञान और परंपरा भारतीय संस्कृति के अनकों कालखंडों से प्राप्त अद्वितीय ज्ञान व बुद्धिमत्ता का प्रतिनिधित्व करती है। इस ज्ञान परंपरा में आधुनिक विज्ञान, प्रबंधन, ज्योतिष विधा, धर्म, त्याग सभी प्रकार के भौतिक एवं पारलौकिक अद्भुत ज्ञान का संगम है। इस का विस्तृत रूप भारतीय ग्रंथों में देखा जा सकता है। वेद, उपनिषद, ब्राह्मण, आरण्यक, रामायण, महाभारत आदि ज्ञान को मानव जीवन का सर्वोत्तम अंग मानते आए हैं। मनुष्य को ज्ञानवान बनाने का प्रयास करते आये हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020-21 वीं शताब्दी की पहली शिक्षा नीति है, जो भारत की परम्परा और सांस्कृतिक मूल्यों को बरकरार रखते हुए शिक्षा व्यवस्था की बात करती है। भारतीय ज्ञान और परंपरा के आलोक में तैयार किया गया पाठ्यक्रम शिक्षा व्यवस्था द्वारा भारत के समृद्धशाली सांस्कृतिक विरासत की आने वाली पीढ़ियों के लिए सहेजकर संरक्षित रखने का कार्य करेगी।

हमारे भारतीय ज्ञान और परंपरा में आचार्य चरक, सुश्रुत, भास्कराचार्य, आर्यभट्ट, वराहमिहिर, चाणकय, ब्रह्मगुप्त, पाणिनि, कात्यायन, पतंजलि नागार्जुन, माधव, गौतम, शंकराचार्य अनेकों विद्वानों का उल्लेख मिलता है। वैश्विक स्तर पर ज्ञान के विविध क्षेत्र खगोल विज्ञान, धातु विज्ञान, चिकित्सा विज्ञान, गणित, शल्य चिकित्सा, भवन निर्माण, सिविल इंजिनियरिंग, नौकायन, ललिलकला, योग शतरंज इत्यादि के प्रामानिकरूप सेमौलिक योगदान रख हैं। एनईपी-2020 आयुर्वेद, योग, वेद, नाट्यशास्त्र, गणित, खगोल विज्ञानादि अन्य क्षेत्रों तक फैली भारत की स्वदेशी ज्ञान प्रणालियों की समृद्ध विरासत को मान्यता देता है।

यह सीखने के लिए एक समय और समावेशी दृष्टिकोण को बढ़ावा देते हुए इन पारंपरिक प्रणालियों को आधुनिक शिक्षा प्रणाली में संरक्षित बढ़ावा देने और एकीकृत करने की आवश्यकता को रेखांकित करता है। एनईपी-2020 कई रणनीतियों का प्रस्ताव करता है, जिसमें पाठ्य पुस्तकों और शिक्षण सामग्रियों का विकास शामिल है। जो पारंपरिक भारतीय ज्ञान को विषयों और शिक्षा के स्तरों में एकीकृत करते हैं। यह पारंपरिक ज्ञान पर शोध और प्रसार के लिए समर्पित विशेष संस्थानों और उत्कृष्टता केंद्रों की स्थापना की भी वकालत करता है।

इसके आलावा नीति पाठ्यक्रम में भारतीय भाषाओं को शामिल करने पर जोर देती है। जिससे छात्रों को उनके मूल रूप में शास्त्रीय ग्रंथों तक पहुंचने और उनसे जुड़ने में सक्षम बनाया जा सके। अतः भारतीय ज्ञान एवं विज्ञान की समृद्ध परंपरा के अंतर्गत-2020 की राष्ट्रीय शिक्षा नीति समग्र बहुविषयक अनुशासन शिक्षा, शिक्षक-प्रशिक्षण एवं नैतिक मूल्यों पर आधारित शिक्षा पर ध्यान केंद्रित करती है।

## द बंगाल फाइल्स का ट्रेलर रिलीज, भारत, बंगाल और कत्लेआम




भारतीय सिनेमा के बेहतरीन फिल्ममेकर में से एक विवेक रंजन अग्निहोत्री हमेशा अपनी फिल्मों से चर्चा में रहते हैं. अब वे अपनी ट्रुथ–टेलिंग ट्रिलॉजी पूरी करने वाले हैं, फिल्म द बंगाल फाइल्स के साथ, जो भारत के इतिहास का एक लंबे समय तक छिपा रहा अध्याय सामने लाएगी. काफी इंतजार के बाद, विवेक इस फिल्म का ट्रेलर रिलीज हो गया है. लेकिन ट्रेलर लॉन्च में शामिल दर्शकों के लिए एक खास सरप्राइज भी है, दरअसल ट्रेलर से पहले 15 मिनट का एक्सक्लूसिव कट भी दिखाया गया. यह खास प्रीव्यू, जिसे विवेक पहले फिल्म के अमेरिका प्रीमियर में दर्शकों को दिखा चुके हैं, अब भारत में भी आने वाला है. इस वीडियो कट में बंगाल की असली तस्वीरें दिखीं, जो इलाके की अनकही कहानियां और छिपे सच सामने लाने का काम करती है. 15 मिनट का यह सेगमेंट दर्शकों को फिल्म की कहानी में गहराई से झांकने का मौका देगा और उन्हें उस जोरदार और खुलासों भरी कहानी की समझ देगा जिसे वे देखने वाले हैं. यह द बंगाल फाइल्स के मूड को सेट करने के साथ–साथ पूरे ट्रेलर लॉन्च के लिए उत्साह भी बढ़ाया था. जब से द बंगाल फाइल्स का टीज़र आया है, फिल्म पूरे देश में चर्चा में है. कुछ सीन में काली माँ की मूर्ति को भट्टी में जलते दिखाने के कारण विवाद हुआ. इसके चलते कई एफआईआर दर्ज हुईं, जिनमें तृणमूल कांग्रेस के सदस्य शामिल थे. फिल्म के निर्देशक विवेक रंजन अग्निहोत्री, प्रोड्यूसर अभिषेक अग्रवाल और अभिनेत्री–प्रोड्यूसर पल्लवी जोशी पर फिल्म में विवादित कंटेंट दिखाने के आरोप लगे, लेकिन हाई कोर्ट ने बीच में हस्तक्षेप किया और सभी एफआईआर पर रोक लगा दी,

## ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए दक्षिण अफ्रीकी टीम में शामिल हुए क्वेना मफाका

नईदिल्ली,18 अगस्त। दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम ने ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के खिलाफ आगामी 3 मैचों की वनडे सीरीज के लिए अपनी टीम में क्वेना मफाका को शामिल किया है। इस युवा तेज गेंदबाज ने हाल ही में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी–20 सीरीज में प्रभावशाली प्रदर्शन किया था। मफाका उस सीरीज में 9 विकेट लेने में सफल हुए थे। आइए वनडे सीरीज के लिए दक्षिण अफ्रीका की टीम पर एक नजर डालते हैं।

ऑस्ट्रेलिया–दक्षिण अफ्रीका के बीच हुई टी–20 सीरीज में मफाका सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज बने थे। इस युवा तेज गेंदबाज ने 3 मैचों में 12.56 की औसत के साथ 9 विकेट चटकाए थे। उनके बाद कॉर्बिन बॉश और जोश हेजलवुड ने 6–6 विकेट लिए थे। मफाका ने पहले टी–20 में 4 सफलताएं हासिल की थी।

## दलीप ट्रॉफी के इतिहास में एक मैच में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले गेंदबाज



नईदिल्ली, दलीप ट्रॉफी के अगले संस्करण की शुरुआत 28 अगस्त से हो जाएगी। जोनल प्रारूप में होने वाले इस टूर्नामेंट में वेस्ट जोन की टीम अब तक सबसे सफल रही है, जिसने कुल 19 बार खिताब पर कब्जा जमाया है। उनके बाद नॉर्थ जोन की टीम 18 बार विजेता बनी है। इस बीच टूर्नामेंट के इतिहास में किसी एक मैच में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले गेंदबाजों के बारे में जानते हैं।

देबाशीष मोहंती इस सूची में शीर्ष पर हैं। ईस्ट जोन के इस स्टार गेंदबाज ने 2001 में अगरतला में साउथ जोन के खिलाफ खेले गए मैच की पहली पारी में सभी 10 विकेट लिए थे। दलीप ट्रॉफी में उनके अलावा आज तक किसी भी गेंदबाज ने पारी में 10 विकेट नहीं लिए हैं। मोहंती ने दूसरी पारी में 4 और विकेट लिए। उन्होंने 35 ओवरों में 91 रन देकर 14 विकेट लिए और टीम को जीत दिलाई थी। पूर्व स्पिनर वेंकटपति राजू ने 1992 में विशाखापत्तनम में ईस्ट जोन के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया था। साउथ जोन के इस स्टार ने मैच में दोनों पारियों में 6–6 विकेट लिए और 67 ओवरों में 117 रन देकर कुल 12 विकेट लिए। यह दलीप ट्रॉफी के इतिहास में दूसरा सर्वश्रेष्ठ मैच प्रदर्शन है। राजू के शानदार प्रदर्शन की बदौलत साउथ जोन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 226/10 का मामूली स्कोर बनाने के बावजूद 172 रनों से जीत हासिल की। मुंबई के पूर्व लेग स्पिनर बालू गुप्ते भी इस सूची में शामिल हैं।

## रवि तेजा की मास जतारा का धमाकेदार गाना ओले ओले रिलीज, 27 अगस्त को होगी रिलीज होगी फिल्म



मास जथारा की टीम रवि तेजा और श्रीलीला के साथ एक और धमाकेदार गाना, ओले ओले लेकर आ गई है। यह जोशीला डांस नंबर संक्रामक लय और वाइब्स से भरपूर है जो आपको झूमने पर मजबूर कर देगा। रवि तेजा और श्रीलीला के बीच की केमिस्ट्री बेजोड़ है, और स्क्रीन पर उनकी मौजूदगी कमाल की है। रवि तेजा अपने खास मूव्स लेकर आते हैं, जबकि श्रीलीला अपनी सहज ऊर्जा से माहौल को और भी रोमांचक बना देती हैं।

ओले ओले गाना एक खास सामूहिक उत्सव जैसा लगता है, जिसे दर्शकों को सिनेमाघरों में सीटियाँ बजाने, तालियाँ बजाने और नाचने पर मजबूर करने के लिए डिज़ाइन किया गया है।

भीम के खास अंदाज़ के हुक और बीट्स संक्रामक हैं, और भास्कर यादव दसारी के बोल जोशीले और आकर्षक हैं। भीम और रोहिणी सोरत की आवाज़ें इस गाने के लिए एकदम सही हैं, जो पूरी तरह से सामूहिक मनोरंजन पर आधारित है।

## सिद्धू जोन्नालगड्डा स्टारर फिल्म बैडएस का पहला पोस्टर जारी

निर्देशक रविकांत पेरेपु की अपकमिंग एक्शन एंटरटेनर फिल्म बैडएस के निर्माताओं ने इसका पहला पोस्टर जारी किया। इस फिल्म में तेलेगु स्टार सिद्धू जोनलगड्डा मुख्य भूमिका में हैं। प्रोडक्शन हाउस सितारा एंटरटेनमेंट्स ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर फिल्म का पहला पोस्टर शेयर किया है, जिसमें उन्होंने कैप्शन दिया, आपने हीरो देखें होगे और विलेन भी, लेकिन यह शख्स इन दोनों में फिट नहीं बैठता। स्टारबॉय के लिए रास्ता दीजिए सिद्धू बैडएस के रूप में। इस बार कोई रहम नहीं, वह स्क्रीन पर धमाल पर मचाने आ रहे हैं। पोस्टर मे अभिनेता सिद्धू जोनालागड्डा एक टेलीविजन न्यूज़ चैनल के कैमरे के पास खड़े होकर सिगरेट जलाते हुए दिखाई दे रहे हैं। यह फिल्म साल 2026 में रिलीज होगी। निर्माता नागा वामसी ने अपनी बात रखते हुए कहा, बैडएस एक स्टेटमेंट देने आ रहे हैं। हमारे स्टारबॉय सिद्धू एक नए अवतार में। 2026 में बड़े पर्दे पर धूम मचाने वाले हैं।

## विराट कोहली ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपने 17 साल पूरे किए



नईदिल्ली,भारतीय क्रिकेट टीम के दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपने 17 साल पूरे किए हैं। उन्होंने 18 अगस्त 2008 को श्रीलंका क्रिकेट टीम के पहला वनडे अंतरराष्ट्रीय मैच खेला था। वह टेस्ट और टी–20 अंतरराष्ट्रीय से संन्यास ले चुके हैं और उन्होंने सिर्फ वनडे क्रिकेट में खेलना जारी रखा है। अपने बेमिसाल करियर में उन्होंने विश्व क्रिकेट के कई अहम रिकॉर्ड्स बनाए हैं।

कोहली वनडे में सबसे अधिक शतक जमाने वाले बल्लेबाज हैं। वनडे विश्व कप 2023 में न्यूजीलैंड के खिलाफ सेमीफाइनल मुकाबले में अपने वनडे क्रिकेट करियर का 50वां शतक जमाया था। ऐसा कर उन्होंने पूर्व महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर (49) का रिकॉर्ड तोड़ा था। कोहली के नाम फिलहाल 51 वनडे शतक हैं। इन दोनों के बाद सूची में भारतीय कप्तान रोहित (32), ऑस्ट्रेलिया के रिकी पोंटिंग (30), श्रीलंका के सनथ जयसूर्या (28) और दक्षिण अफ्रीका के हाशिम अमला (27) हैं। कोहली वनडे क्रिकेट में तीसरे सबसे अधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। वह अब तक 302 वनडे मैचों में 57.88 की औसत और 93.34 की स्ट्राइक रेट से 14,181 रन बना चुके हैं। इस सूची में पहले नंबर पर तेंदुलकर हैं जिन्होंने अपने वनडे क्रिकेट करियर में 463 मैचों में 44.83 की औसत से 18,426 रन बनाए थे। दूसरे नंबर पर श्रीलंका पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज संगाकारा हैं। उन्होंने 404 मैचों में 41.98 की औसत से 14,234 रन बनाए थे।

कुल मिलाकर कोहली ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सभी प्रारूपों में 52.27 की औसत से 27,599 रन बनाए हैं, जो केवल तेंदुलकर (34,357) और संगकारा (28,016) से पीछे हैं। कोहली के 82 अंतरराष्ट्रीय शतक तेंदुलकर (100) के बाद दूसरे सबसे ज्यादा हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### बंदर के हमले में बालक गंभीर

नई टिहरी : प्रतापनगर ब्लॉक की ओण पट्टी के कुराण गांव में उत्पाती बंदर ने एक 12 वर्षीय बालक पर हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्ष राकेश थलवाल ने बताया कि रविवार को कुराण गांव में एक घर के कमरे में बंदर जा घुसा। जैसे ही 12 वर्षीय दिव्यांशु पुत्र कबूल सिंह बंदर को बाहर भगाने के लिए गया तभी बंदर ने उस पर जानलेवा हमला कर घायल कर दिया। बंदर ने उसे हाथ और पांव को बुरी तरह काट दिया। बताया कि बंदर बालक को बरामदे पर घसीट रहा था। तभी बालक के चिल्लाने की आवाज सुनकर लोग वहां पहुंचे और बंदर को भगाया। ग्रामीणों ने घायल दिव्यांशु को अस्पताल भर्ती कराया। जहां उसे इंजेक्शन और अन्य दवाइयां दी गई। थलवाल ने बताया कि पूरे क्षेत्र में इन दिनों बंदरों ने आतंक मचा रखा है। वे लोगों पर हमला कर रहे हैं। लोग अपने बच्चों को स्कूल अकेला नहीं भेज पा रहे हैं। इस संबंध मे वन रेंजर हर्षराम उनियाल का कहना है कि बंदरों को खाना न दें। झुंड बनाकर चल रहे बंदरों से सावधानी बरतें। (एजेंसी)

### डोबरा चांठी-मदननेगी मार्ग पांच दिन से बंद

नई टिहरी : डोबरा चांठी पुल-भीमेश्वर महादेव मन्दिर-बेरबगी-मदननेगी मोटर मार्ग पर जगह-जगह मलबा आने के कारण सड़क बंद है। बीते 5 दिन से सड़क नहीं खुलने से लोगों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। रोजमर्रा की जरूरत की सामग्री पहुंचाने में लोगों को खासी मशक्कत उठानी पड़ रही है। रौलाकोट के नव निर्वाचित प्रधान अरविंद प्रसाद सहित स्थानीय लोगों में मोहन सिंह, बिजेंद्र सिंह, राकेश आदि का कहना है कि सड़क खोलने के लिए लोक निर्माण विभाग बौराड़ी के इंजीनियरों से कई बार अपील की गई है, लेकिन विभाग सड़क खोलने को लेकर लापरवाह बना हुआ है। जिसका परिणाम है कि 5 दिन से सड़क नही खुल पाई है। ग्रामीणों का यह भी कहना है कि यदि लोनिवि से सड़क नहीं खोली तो विभाग के खिलाफ आंदोलन को मजबूर होना पड़ेगा। सड़क न खुली तो स्थानीय लोग डीएम टिहरी के शिकायत करने को मजबूर होंगे। (एजेंसी)

### पैथोलॉजी लैब के विस्तार की उम्मीद जगी

नई टिहरी : जिला अस्पताल बौराड़ी की पैथोलॉजी लैब के विस्तार और सुधारीकरण की उम्मीद जगी है। स्वास्थ्य विभाग ने इसके लिए डीपीआर तैयार कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। आने वाले दिनों में जिला अस्पताल लैब को आधुनिक उपकरणों से लैस कर यहां कई नई जांच सेवाएं शुरू करने की योजना है। जिला अस्पताल बौराड़ी की पैथोलॉजी लैब में फिलहाल केवल सामान्य जांचे ही की जाती है जिसमें रूटीन ब्लड टेस्ट, शुगर टेस्ट, यूरिन टेस्ट, बलगम टेस्ट सहित कुछ अन्य जांचें शामिल हैं। सीमित सुविधाओं के कारण स्थानीय लोगों को थायराइड, विटामिन और अन्य जांचों के लिए अक्सर देहरादून या ऋषिकेश का रुख करना पड़ता है। लैब के विस्तारीकरण और आधुनिकीकरण के बाद जिला अस्पताल में थायराइड, विटामिन और अन्य महत्वपूर्ण पैथोलॉजी जांचे संभव हो सकेगी। सीएमओ डॉ. श्याम विजय ने बताया कि शासन ने जिला अस्पताल की पैथोलॉजी लैब का विस्तार करने के निर्देश दिए हैं। इसके लिए कार्यदायी संस्था पेयजल निगम चंबा को डीपीआर बनाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। एक-दो दिन में डीपीआर बनकर तैयार हो जाएगी। उनका कहना है कि जिला अस्पताल में थायराइड और विटामिन जांच की सुविधा शुरू होने से स्थानीय मरीजों को काफी राहत मिलेगी।

# गड्ढों में खो रही शहर की सड़कें, नींद में सिस्टम

## बरसात के मौसम में बदहाल हुई शहर की अधिकांश सड़कें

**जयन्त प्रतिनिधि।**


कोटद्वार में बदहाल पड़ी सड़कें

कोटद्वार : बरसात के मौसम में शहर की अधिकांश सड़कें गड्ढों में तब्दील हो गई है। कई स्थानों पर गड्ढों के बीच सड़क को खोजना पड़ रहा है। बदहाल सड़कों पर कब बड़ी दुर्घटना हो जाए, कुछ कहा नहीं जा सकता। सबसे बुरी स्थिति कौड़िया बीईएल रोड-मोटाढांक की बनी हुई है। हल्की वर्षा होने पर ही गड्ढों में भारी मलबा व पानी जमा हो जाता है। आए दिन दोपहिया वाहन चालक इन गड्ढों में रपट रहे हैं।

गढ़वाल के प्रवेश द्वार कोटद्वार में शायद ही कोई ऐसी सड़क हो जहां गड्ढे न दिखाई दें। मुख्य मार्गों के साथ ही गली-मोहल्लों की सड़कें भी बदहाल स्थिति में पड़ी हुई है। ऐसे में नगर निगम व लोक निर्माण विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। कौड़िया से मोटाढांक करीब आठ किलोमीटर के सफर में अधिकांश सड़क पर गड्ढे ही नजर आ रहे हैं।

यही स्थिति नजीबाबाद चौराहे से सुखरो पुल के मध्य व पदमपुर तिराहे से घराट तक की बनी हुई है। सबसे अधिक परेशानी रात के अंधेरे में इन रास्तों से सफर करने वालों को हो रही है। पटेल मार्ग की स्थिति तो यह है कि कई स्थानों पर गड्ढों से सरिया तक बाहर निकल रहे हैं। वर्षा काल में गड्ढे कीचड़ में तब्दील हो जाते हैं। जिसके कारण आमजन का पैदल चलना भी मुश्किल हो जाता है। शहर में बदहाल सड़कों की मरम्मत की लगातार मांग उठती जा रही है। कुछ दिन पूर्व शिवपुर क्षेत्र के लोगों ने महाविद्यालय को जाने वाले मार्ग की मरम्मत के लिए लोक निर्माण विभाग के खिलाफ प्रदर्शन भी किया था। लेकिन, अब तक वार्डवासियों की समस्या को गंभीरता से नहीं लिया गया।

# उक्रांद ने स्व. इंदमणि बड़ोनी को दी श्रद्धांजलि

**जयन्त प्रतिनिधि।कोटद्वार :** उत्तराखंड क्रांति दल की ओर से एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें स्व. इंद्रमणि बड़ोनी की 26वीं पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान सदस्यों ने उत्तराखंड़ के बेहतर विकास के लिए बड़ोनी के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।सोमवार को शिब्बूनगर स्थित कार्यालय में बैठक का आयोजन किया गया। उक्रादं के केंद्रीय संरक्षक डा. शक्ति शैल कपरवाण ने कहा कि उत्तराखंड के वास्तविक विकास के लिए स्व. इंद्रमणि बडोनी की विकास की विचारधारा को लागू करने की आवश्यकता है। प्रदेश में क्षेत्रीय पार्टी की सरकार ही बेहतर विकास कर सकती है। कहा कि 25 वर्षों से पहाड़ी क्षेत्र के विकास को लेकर कोई बेहतर योजना नहीं बन पाई है। नतीजा, पहाड़ों से लगातार पलायन होता जा रहा है। बौद्धिक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष प्रवेश चंद्र नवानी ने इंद्रमणि बडोनी के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला और कहा कि उनके मार्ग पर उत्तराखंड को बेहतर दिशा दी जा सकती है। उन्होंने कहा कि पहाड़ी क्षेत्र में ऐसी योजनाओं का निर्माण हो जो रोजगार का सृजन करें। केंद्रीय सचिव सत्यपाल सिंह नेगी ने पहाड़ी क्षेत्र में बिगड़ रही स्वास्थ्य व्यवस्थाओं पर चिंता व्यक्त की। कहा कि चिकित्सालयों में पर्याप्त चिकित्सक व स्वास्थ्य कर्मियों की तैनाती की जानी चाहिए। इस मौके पर पुष्कर सिंह रावत, उमेद सिंह भंडारी, जग दीपक सिंह रावत, भारत मोहन कला आदि मौजूद रहे।


कोटद्वार में आयोजित कार्यक्रम में स्व. बड़ोनी को श्रद्धांजलि देते उक्रांद के सदस्य

# डीएम ने लिया बेस अस्पताल की व्यवस्थाओं का जायजा

श्रीनगर गढ़वाल : बेस अस्पताल श्रीनगर का सोमवार को पौड़ी जिलाधिकारी स्वाति एस. भदौरिया ने औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

डीएम ने अस्पताल के आपातकालीन कक्ष, ओपीडी पंजीकरण काउंटर, अल्ट्रासाउंड कक्ष, एक्स-रे व एमआरआई सेक्शन, महिला एवं प्रसूति वार्ड, बाल वार्ड, शल्य चिकित्सा वार्ड, दवा वितरण केंद्र और पैथोलॉजी लैब का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने मरीजों व तीमारदारों की समस्याओं को सुनकर चिकित्सकों व स्टाफ को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। डीएम ने इमरजेंसी वार्ड में जीवन रक्षक दवाओं का ब्योरा चेक किया। दवाइयों की उपलब्धता, उपचार की समय-सीमा और मशीनों के नियमित परीक्षण की स्थिति जानकारी लेते हुए डीएम ने कहा कि किसी भी मरीज को दवा या उपचार के अभाव में परेशानी नहीं होनी चाहिए। जिलाधिकारी ने अस्पताल प्रशासन को सभी वार्डों में स्वच्छता और साफ-सफाई सुनिश्चित करने, रेन बसेरे की व्यवस्था सुधारने और तीमारदारों के ठहरने की समस्या पर शीघ्र कार्यवाही करने के निर्देश दिए। डीएम ने आकस्मिक परिस्थितियों में परिजनों को दिक्कत न हो इसके लिए शव वाहन (डेड बॉडी वेन) की व्यवस्था करने का आश्वासन दिया। जिलाधिकारी ने बद्रीनाथ राजमार्ग स्थित फरासू भूस्खलन क्षेत्र की स्थिति को जानते हुए अधिकारियों को सुरक्षा की दृष्टि से त्वरित कार्यवाही करने और एसडीएम को विस्तृत रिपोर्ट शासन को भेजने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी भदौरिया ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाना और आपदा प्रभावित क्षेत्रों में लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# रामलीला मंचन की तैयारियां शुरू

श्रीनगर गढ़वाल : श्री आदर्श रामलीला समिति द्वारा आगामी रामलीला मंचन की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। समिति ने विभिन्न व्यवस्थाओं के लिए कमेटियों का गठन किया है। वित्त समिति में हिमांशु अग्रवाल, विजय रावल, सागर अग्रवाल और संजय जैन को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

ग्रीन रूम की जिम्मेदारी अखिलेश डिमरी, भानेश असवाल, मनीष बडोनी, प्रियव्रत जोशी और रामकृष्ण पांडेय को दी गई है। पंडाल व्यवस्था का कार्य देवेंद्र मणि मिश्रा, संजय गुप्ता, आशीष उनियाल और वीरेंद्र रतूड़ी देखेंगे। समिति के अध्यक्ष देवेंद्रमणि मिश्रा ने बताया कि इस वर्ष रामलीला का 126वां मंचन होगा। विशेष बात यह है कि पहली बार महिला पात्रों की भागीदारी सुनिश्चित की गई है। उन्होंने कहा कि केकई, सूपर्णखा और मंथरा को छोड़कर अन्य सभी महिला पात्रों का अभिनय अब महिलाएं करेंगी।

# सुभाष चंद्र बोस व इंद्रमणि बड़ोनी को किया याद

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : पब्लिक इंटर कॉलेज सुरखेत के विद्यार्थियों ने राष्ट्रनायक नेताजी सुभाष चन्द्र बोस और उत्तराखंड राज्य आंदोलन के प्रणेता इंद्रमणि बडोनी को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान विद्यार्थियों ने महापुरुषों के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। आयोजित कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य पुष्कर सिंह नेगी ने विद्यार्थियों को महापुरुषों के बारे में बताया। कहा कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानी नेताजी सुभाष चन्द्र बोस ने द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान अंग्रेजों के खिलाफ लड़ने के लिए जापान के सहयोग से आजाद हिन्द फौज का गठन किया था। तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा और दिल्ली चलो जैंसे नारों का उद्घोष करके देशवासियों में देशभक्ति का जोश और उत्साह पैदा करके उन्हें ब्रिटिश सरकार के खिलाफ एकजुट होकर संघर्ष करने के लिए प्रेरित किया। इसी संघर्ष में 18 अगस्त 1945 को एक विमान दुघर्टना में देश ने अपने इस महान सपूत को खो दिया। कहा कि उत्तराखंड के गांधी कहे जाने वाले गांधीवादी विचारक, उत्तराखंड राज्य आंदोलन के प्रणेता, लोककलाकार इंद्रमणि बडोनी समाज और राष्ट्र निर्माण के लिए अनवरत करते रहे। उत्तराखंड में उनके जन्मदिन 24 दिसंबर को लोक-संस्कृति दिवस के रूप में मनाया जाता है।



आयोजित कार्यक्रम में महापुरुषों को श्रद्धांजलि देते विद्यार्थी

# शहर में निकाली राधा-कृष्ण की भव्य झांकी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : श्री हिंदू पंचायत धर्मशाला समिति की ओर से नगर में राधा-कृष्ण की मनमोहक झांकी निकाली गई। झांकी को देखने के लिए सड़क किनारे शहरवासियों की भीड़ उमड़ी हुई थी।

रविवार शाम स्टेशन रोड हिंदू पंचायत धर्मशाला से झंडाचौक, बदरीनाथ मार्ग, पटेल मार्ग सहित शहर के अन्य मार्गों पर झांकी निकाली गई। झांकी में कलाकार राधा-कृष्ण व गोपियों का भेष बनाकर नृत्य कर रहे थे। समिति के सदस्य भी ढोल व चिमटा बजाते हुए कृष्ण नाम का गुणगान कर रहे थे। झांकी में भगवान शिव-पार्वती व राम भगवान की झांकी भी आकर्षक का केंद्र रही। झांकी को देखने के लिए बड़ी संख्या में शहरवासी सड़क के किनारे खड़े थे। समिति के सदस्यों ने बताया कि प्रत्येक वर्ष कृष्ण जन्माष्टमी के मौके पर शहर में झांकी निकाली जाती है। शहरवासियों में झांकी को लेकर बड़ा उत्साह बना रहता है। इस मौके पर सुरेश बंसल, राकेश त्रिपाठी, मुकेश कुमार, नरेंद्र, दिलीप कुमार, दीपक सिंह, जगदीश आदि मौजूद रहे।


कोटद्वार शहर में कृष्ण जन्माटमी के मौके पर निकाली गई झांकी

# तहसील दिवस आज एकेश्वर ब्लॉक में

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : जिलाधिकारी स्वाति एस. भदौरिया की अध्यक्षता में मंगलवार को एकेश्वर ब्लॉक सभागार में चौबट्टाखाल तहसील दिवस का आयोजन किया जाएगा। तहसील दिवस के दौरान समाज कल्याण विभाग द्वारा कैंप लगाकर पेंशन संबंधी मामलों का निस्तारण किया जाएगा, वहीं स्वास्थ्य विभाग की ओर से स्वास्थ्य शिविर भी लगाया जाएगा। इसके अतिरिक्त राजस्व विभाग द्वारा विभिन्न प्रमाण पत्रों एवं राजस्व संबंधी मामलों का समाधान किया जाएगा। इस अवसर पर सभी संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहेंगे, ताकि जनता की समस्याओं का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित हो सके।

# महाविद्यालय में खोला जाएं वाणिज्य व कला संकाय

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : डू समथिंग सोसाइटी ने राजकीय महाविद्यालय कण्वघाटी में वाणिज्य व कला संकाय खोलने की मांग की है। कहा कि इससे छात्राओं को पढ़ाई के लिए अन्य स्थानों की दौड़ नहीं लगानी पड़ेगी। बालिकाओं के हित को देखते हुए जल्द से जल्द इस ओर ध्यान दिया जाना चाहिए।

सोसाइटी के अध्यक्ष प्रकाश चंद्र कोठारी ने इस संबंध में मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा। उन्होंने कहा कि राजकीय महाविद्यालय में क्षेत्र की सैकड़ों बालिकाएं शिक्षा ग्रहण करती हैं। कहा कि वर्तमान में स्नातकोत्तर स्तर की शिक्षा ग्रहण करने के लिए छात्रों को लगभग 15 किलोमीटर दूर कोटद्वार जाना पड़ता है। खासकर बालिकाओं को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। जिससे अधिकांश बालिकाएं उच्च शिक्षा ग्रहण करने से वंचित हो रही है।

कहा कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के नारे को साकार करने के लिए राजकीय महाविद्यालय में स्नातकोत्तर स्तर पर वाणिज्य व कला विषय खोल दिए जाए। जिससे उच्च शिक्षा ग्रहण करने वाली क्षेत्र की बालिकाओं को सुविधा मिल सके।

# ब्रांड के नाम से बेच रहे नकली सामान


कोटद्वार स्थित दुकानों में अभियान चलाते व्यापार संघ के सदस्य

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : ब्रांड के नाम पर नकली सामान बेचने वालों के खिलाफ नगर उद्योग व्यापार संघ ने अभियान चलाया। इस दौरान संघ ने व्यापारियों को नकली सामान न बेचने की सख्त हिदायत दी। कहा कि आगे भी अभियान जारी रहेगा।

सोमवार को नगर उद्योग व्यापार संघ के सदस्यों ने शहर में अभियान चलाया। इस दौरान एक प्रतिष्ठान में बड़ी मात्रा में नकली सामान ब्रांड का स्टीकर लगाकर बेचना पाया गया। ऐसे में व्यापार संघ ने विक्रेता की कार्य प्रणाली पर नाराजगी व्यक्त की। कहा कि व्यापारियों का उद्देश्य उपभोक्ताओं को बेहतर सामान उपलब्ध करवाना है। लेकिन, कई व्यापारी चंद पैसों के लिए नकली सामान बेच रहे हैं। क्रीम व अन्य सामान नकली बेचने से खरीदारों को नुकसान हो सकता है। अभियान के दौरान विभिन्न कंपनियों के डिस्टब्यूटर भी शामिल थे। व्यापार संघ ने संबंधित व्यापारियों को एक सप्ताह के भीतर उक्त नकली सामान को हटाने की चेतावनी दी।

# ओखला गांव से शिफ्ट किए नौ परिवार

नई टिहरी : जनपद के ब्लाक प्रतापनगर की पट्टी रैका के ओखला गांव में उस वक्त अफरा-तफरी का माहौल बन गया। जब सोमवार को लगातार हो रही मूसलाधार बारिश ने गांव में कई जगहों पर भूस्खलन होने लगा।

जिससे गांव के लोगों का जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। स्थानीयों की सूचना पर तहसीलदान आनंद पाल ने मौका मुआयना कर 9 प्रभावित परिवारों को सुरक्षित भवनों में शिफ्ट किया है। ओखला गांव की स्थिति को लेकर जानकारी देते हुए पूर्व जिला पंचायत सदस्य मुरारी लाल खंडवाल ने बताया की बीते देर रात से सुबह सोमवार तक हो रही मूसलाधार बारिश के चलते प्रतापनगर के ग्राम ओखला में अनेक जगहों पर भूस्खलन हो गया है। जिससे लोगों के घरों, आंगन, सुरक्षा दीवारें, आने-जाने के रास्ते बुरी तरह से प्रभावित हो गये। साथ ही प्राथमिक विद्यालय ओखला भी भूस्खलन की चपेट में आया है। मुरारी लाल खंडवाल ने स्थानीय प्रशासन को इसकी सूचना देते हुए प्रभावितों को सुरक्षित स्थानों पर विस्थापित करने की मांग की। जिस पर प्रतापनगर तहसीलदार आनंद पाल स्थलीय निरीक्षण कर बताया कि प्रभावित परिवारों को फिलहाल के लिए गांव में ही किराए के भवनों में भेज दिया गया है और सुरक्षा के नजरिये से अब प्रथमिक विद्यालय ओखला को भी बारात घर में चलाने की व्यवस्था की गई है।


## उत्तर रेलवे

### निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/II/मुरादाबाद द्वारा ई टेन्डर निम्न टेन्डर संख्या के अर्न्तगत आमंत्रित किये जाते है। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नही होंगे। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| टेन्डर संख्या दिनांक | 140-DRM-MB-25-26 Date:- 18.08.2025 | 141-DRM-MB-25-26 Date:- 18.08.2025 |
|---|---|---|
| कार्य का नाम | Heavy Repair of Gang Tool Room cum Rest Room in the Section of ADEN-I-HRI | General annual repair works of service buildings and staff quarters from SPC-ROZA (Excluding ROZA) Including wood and Road works etc for 2025-26 in the section of SSE/W/SPC under ADEN/II/HRI. |
| टेन्डर क्लोसिंग दिनांक/समय | 12.09.2025 16:00 | 12.09.2025 16:00 |
| अनुमानित लागत | 54,92,305.25 | 89,54,726.98 |
| धरोहर राशि | 1,09,900.00 | 1,79,100.00 |
| बिडिंग स्टार्ट तिथि | 29.08.2025 | 29.08.2025 |
| आफर की वैधता | 60 दिन | 60 दिन |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 06 माह | 12 माह |

टेन्डर नं- 75-W/2/3/WA/Publication दिनांक : 18.08.2025 2521/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# 10 घंटे बाधित रहा बदरीनाथ एनएच

चमोली : ऋषिकेश-बदरीनाथ हाईवे कमेड़ा में भारी मात्रा में बोल्डर और मलबा आने से दस घंटे बाधित रहा। इस दौरान हाईवे के दोनों तरफ सैकड़ों वाहन फंसे रहे। भराड़ीसैंण विधानसभा मानसून सत्र के लिए जा रहे मंत्री व अफसर भी सड़क खुलने का इंतजार करते रहे। लोगों ने उनको पहाड़ी पर अटके बोल्डर दिखाते हुए खरी खोटी सुनाई। सड़क बंद होते ही एनएचआईडीसीएल की मशीनों से हाईवे का मलबा हटाना शुरू कर दिया गया, लेकिन मलबा इतना अधिक रहा कि मशीनों को हाईवे सुचारु करने में करीब 10 घंटे लग गए। बदरीनाथ हाईवे पर गौचर के पास कमेड़ा में पिछले दो वर्षों से लगातार भूस्खलन हो रहा है। यहां पर पहाड़ी पर भारी बोल्डर अटके हैं। बारिश होते ही इनके नीचे की दलदली मिट्टी खसक जाती है और हाईवे पर भारी मात्रा में मलबा आ जाता है। इस साल कमेड़ा में आठ से अधिक बार कई घटों तक वाहनों की आवाजाही बाधित हो चुकी है। सोमवार सुबह को भी करीब चार बजे पहाड़ी पर अटके बोल्डर और भारी मात्रा में मलबा हाईवे पर आ गया। इससे श्रीनगर, ऋषिकश, देहरादून, हरिद्वार सहित कर्णप्रयाग, चमोली, गोपेश्वर, जोशीमठ व बदरीनाथ जाने वाले सैकड़ों वाहन एक बजे तक फंसे रहे। गैरसैंण के भराड़ीसैंण में मंगलवार से मानसून सत्र हो रहा है। लिहाजा नेता और अफसर सड़क मार्ग से भराड़ीसैंण आ रहे हैं। हाईवे बंद होने से वे भी मार्ग में फंसे रहे। वहीं, बारिश से सिमली रोड़ पर सुभाषगनर में पांच से अधिक मकानों को खतरा बना है। स्थानीय लोगों ने बताया कि सुभाषनगर में लगातार भू-धंसाव हो रहा है।

# काश्तकारों को फलदार पौधे वितरित किए

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : पौड़ी के कोट ब्लाक के पंवाई के आनंद सिंह नेगी ने क्षेत्र के ग्रामीणों को बागवानी के प्रति जागरूक करने की पहल की है। उन्होंने क्षेत्र में ग्रामीणों को विभिन्न प्रजाति के फलदार पौधों को वितरित करने का अभियान चलाया है। उन्होंने कहा कि गांव के लोगों को बागवानी के साथ ही क्षेत्र को हरा भरा करने के लिए फलदार पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

सोमवार को कोट ब्लाक के क्वीराली गांव में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष कमल किशोर रावत ने अभियान की शुरूआत करते हुए कहा कि इस मुहिम में सभी को सहयोग करने की जरूरत है। कहा कि एक पेड़ 10 पुत्रों के बराबर है। जहां आज पूरी दुनिया ग्लोबल वार्मिंग की समस्या से जूझ रही है। ऐसे में यह पहल पर्यावरण की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है। इस दौरान कोट ब्लाक के नवनिर्वाचित प्रमुख गणेश कोहली ने इस मुहिम की सराहना की। आनंद सिंह नेगी ने बताया कि अभियान के तहत कोट ब्लाक के विभिन्न गांवों में ग्रामीणों को 2200 आंवला, आम, अमरूद, संतरा आदि के फलदार पौधे वितरित किए जाएंगे। इस मौके पर कोट ब्लाक के कनिष्ठ प्रमुख अनिल गुसाई, धर्मवीर नेगी, भाजपा मंडल अध्यक्ष हिम्मत नेगी, स्वास्थ्य मंत्री के प्रतिनिधि क्रांति किशोर नेगी सहित भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं स्थानीय कृषक मौजूद रहे।




## उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि०

(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)

कॉरपोरेट आइडिन्टीटी संख्या : U40109UP2001SG025867/2358

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड, नैनीडांडा

### ई–निविदा सूचना

विद्युत वितरण खण्ड, नैनीडांडा के अन्तर्गत निम्न वर्णित निविदा आमन्त्रित की जाती है। धरोहर धनराशि किसी भी बैंक/डाकघर की एफ०डी०आर०/सी०डी०आर० के रूप में अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड– नैनीडांडा के पक्ष में बंधक होनी चाहिए। बिना धरोहर धनराशि के निविदा भाग दो नहीं खोली जायेगी। यदि निविदा खुलने के दिन किसी कारणवश कार्यालय बन्द रहता है तो अगले कार्य दिवस को निविदा खोली जायेगी। अधोहस्ताक्षरकर्ता को यह अधिकार है कि वह बिना कारण बताए निविदा को निरस्त कर सकते है। कार्य अन्य विवरण के लिये वेबसाइट www.uktenders.gov.in को देखे।

| ई–निविदा संख्या | ई–निविदा प्रपत्र क्रय राशि (जीएसटी सहित) | कार्य का विवरण | धरोहर धनराशि (रू0 लाख में) | ई–निविदा क्रय करने हेतु अन्तिम तिथि एवं समय | ई–निविदा प्रपत्र कार्यालय में जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | ई–निविदा प्रपत्र आनलाइन एवं ऑफलाइन निविदा प्रथम भाग खुलने की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 04/EDDN/2025–26 | रू0 1180/– | 33/11 के०वी० सबस्टेशन चाकीसैण के संचालन का कार्य। | 0.31 | दि0. 03.09.2025 16.00 बजे तक | दि0. 04.09.2025 12.00 बजे तक | दि0. 04.09.2025 16.00 बजे |

पत्रांक : 406/वि0वि0ख0(नै0)/उपाकालि0/टी–6
दिनांक : 18.08.2025

अधिशासी अभियन्ता
विद्युत वितरण खण्ड, नैनीडांडा

विद्युत बिलों के 24x7 आनलाईन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जायें
"राष्ट्र हित में बिजली बचाएं" (Customer Care Toll Free no. 1800 419 0405)

## संक्षिप्त समाचार

### एनएसएस में प्रवेश के लिए पंजीकरण शुरू

चमोली : पीजी कॉलेज गोपेश्वर में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई में प्रवेश के लिए पंजीकरण शुरू हो गए हैं। सोमवार को प्रभारी प्राचार्य प्रो. अमित कुमार जायसवाल ने पंजीकरण अभियान की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना से जुड़कर छात्र व्यक्तित्व विकास के साथ-साथ एक बेहतर समाज के निर्माण में अपनी भूमिका निभा सकते हैं। एनएसएस प्रकोष्ठ के प्रभारी डॉ. डीएस नेगी ने कहा कि आगामी 31 अगस्त तक पंजीकरण अभियान जारी रहेगा। प्रवेश के लिए छात्र-छात्राएं अपने साथ प्रवेश शुल्क रसीद, आधार कार्ड एवं पासपोर्ट फोटो अवश्य लाएं। इस दौरान कार्यक्रम अधिकारी डॉ. विधि ध्यानी, डॉ. प्रेमलता, डॉ. वंदना लोहनी, डॉ. एसएल बटियाटा, डॉ. गुंजन माथुर, डॉ. ललित तिवारी, डॉ. दिनेश सती, डॉ. राजेश कुमार आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

### गोशाला में लगी आग

चमोली : रविवार रात विकासखण्ड के सुदूरवर्ती गांव बमियाला में आग लगने से एक गोशाला जलकर राख हो गई। रात्रि को बारिश व घना कोहरा छाया रहने से घटना का पता सोमवार सुबह को चल पाया। आगजनी की सूचना तहसील प्रशासन को दे दी गई है। बमियाला गांव के कृपाल सिंह ने बताया कि रविवार रात को गांव के प्रेमसिंह की दो मंजिला गोशाला में आग लग जाने से समूची गोशाला जलकर खाक हो गई। कहा कि इन दिनों मवेशियों के डांडा छानियों में रहने के कारण पशुहानि नहीं हुई। अलबत्ता आग से पूरी गोशाला जलकर नष्ट हो गई है। सोमवार को घटना से पीड़ित प्रेम सिंह ने तहसील कार्यालय नारायणबगड़ में घटना के संबंध में सूचना क्षेत्र के राजस्व उपनिरीक्षक को देकर क्षतिपूर्ति के रूप में मुआवजा दिलाने की मांग की है। (एजेंसी)

### पंचायत चुनाव में सरकार ने किया पुलिस–प्रशासन का दुरूपयोग: डॉ. प्रतिमा

देहरादून। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता डॉ. प्रतिमा सिंह ने कहा कि उच्च न्यायालय नैनीताल की वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नैनीताल को पड़ी कडी फटकार ने स्पष्ट कर दिया है कि भाजपा ने जिला पंचायत चुनावों में किस हद तक पुलिस प्रशासन एवं निर्वाचन आयोग का दुरूपयोग किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी पहले से ही आशंका व्यक्त कर रही थी कि भाजपा पंचायतों में सत्ता के बल पर कब्जा करना चाहती है। जिला पंचायत चुनाव में जिस प्रकार नैनीताल में सदस्यों को खुलेआम अगवा किया गया और द्वाराहाट में बाहुबल का प्रयोग किया गया, उसे स्वस्थ लोकतंत्र में कतई उचित नहीं ठहराया जा सकता है। उन्होंने कहा कि नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य, उपनेता प्रतिपक्ष भुवन कापडी, विधायक सुमित हृदयेश और पूर्व विधायक संजीव आर्य के साथ हुई अभद्रता के लिए सरकार को राज्य की जनता से क्षमा मांगनी चाहिए।

### कांग्रेसियों ने पुण्यतिथि पर नेताजी व इंद्रमणी बडोनी को किया याद

देहरादून। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की पुण्यतिथि पर गांधी पार्क स्थित प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। वहीं, दूसरी ओर पर्वतीय गांधी इंद्रमणि बडोनी पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। पूर्व विधायक राजकुमार ने कहा कि आजादी की लड़ाई में नेताजी सुभाष चंद्र बोस के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है। उन्होंने कहा कि पर्वतीय गांधी स्व. इंद्रमणि बडोनी की पुण्यतिथि पर भावपूर्ण याद करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की गई। महानगर कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष लालचन्द शर्मा ने कहा कि पर्वतीय गांधी स्वर्गीय इंद्रमणि बडोनी उत्तराखंड के दूसरे गांधी कहे जाते हैं। इंद्रमणि बडोनी की भूमिका उत्तराखंड बनाने में अहम रही है और उन्होंने कहा कि इंद्रमणि बडोनी की तमन्ना थी कि प्रदेश की स्थाई राजधानी गैरसैंण होनी चाहिए लेकिन ऐसा नहीं किया गया और राज्य की स्थाई राजधानी सरकार गैरसैंण को घोषित करें।

### पुलिस से मुठभेड़ में बदमाश के पैर में लगी गोली

हरिद्वार। सालियर बाईपास के समीप पुलिस मुठभेड़ में एक बदमाश घायल हो गया है। घायल बदमाश को उपचार के लिए सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायल बदमाश हिस्ट्रीशीटर है। किशोर के अपहरण व दुष्कर्म मामले में बदमाश फरार चल रहा था। मुठभेड़ के बाद एसपी देहात मौके पर पहुंचे। गंग नहर कोतवाली पुलिस रविवार की देर रात सालियर बाईपास पर वाहन चेकिंग कर रही थी। इस दौरान पुलिस को एक बुलेट बाइक आई नजर आई पुलिस को संदेह हुआ और पुलिस ने बाइक को रोकने का प्रयास किया।

# कूड़े का स्थायी समाधान नहीं होने पर ग्रामीण करेगें आंदोलन

चमोली : तहसील जिलासू के अंतर्गत देवतोली क्षेत्र में कूड़े की समस्या हल नहीं हो पा रही है। महाविद्यालय के मुख्य गेट के पास सड़क किनारे पिछले 15 दिनों से कूड़ा फैला हुआ है जो नाली के पानी के साथ सीधे अलकनंदा नदी में जा रहा है। साथ ही वाहनों के टायरों से कूड़ा सड़क पर फैलने और दुर्गंध आने से लोग परेशान हैं। कूड़ा निस्तारण नहीं होने पर नाराज ग्रामीणों और छात्र-छात्राओं ने कूड़े के ढेर के सामने ही सांकेतिक प्रदर्शन किया। कहा यदि जल्द कूड़े का स्थायी समाधान नहीं किया जाता तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। कर्णप्रयाग नगर पालिका से देवतोली क्षेत्र पालिका से लगभग एक साल पहले अलग हो गया। यहां बड़ी आबादी सहित पीजी कॉलेज, सिंचाई विभाग, पीएमजीएसवाई के दो डिवीजन, वन विभाग आदि सरकारी महकमे भी हैं। कूड़ा निस्तारण की कोई व्यवस्था न होने से देवतोली में कूड़े का ढेर लगा है। लोग घरों का कूड़ा महाविद्यालय के मुख्य गेट के समीप ही डाल रहे हैं जो दिनोंदिन बढ़ता जा रहा है। अब दुर्गंध के कारण लोगों को चलना भी मुश्किल हो गया है। महाविद्यालय में प्रवेश के लिए आने वाले छात्र-छात्राओं को भी परेशानी झेलनी पड़ रही है। ग्रामीणों ने कहा कि कूड़े का स्थायी समाधान करने के साथ ही यहां एक कूड़ेदान भी लगाया जाए। प्रदर्शन करने वालों में सूरज कुमार, अनुज सेमवाल, अरुण सेमवाल, अंजू सती, चिंतामणि सेमवाल, जीवन पुरोहित, हर्षपति सेमवाल, छात्र नेता आशीष बुटोला, प्रथम सेमवाल आदि मौजूद रहे। ग्राम प्रधान काजल ने कहा कि विधानसभा सत्र के दौरान मुख्यमंत्री से मिलकर कूड़े की समस्या को लेकर ज्ञापन दिया जाएगा। (एजेंसी)

### स्थायी समाधान निकाला जाएगा

खण्ड विकास अधिकारी पोखरी राजेंद्र सिंह ने बताया कि ग्रामीणों के साथ बैठक कर स्थायी समाधान निकाला जाएगा। साथ ही कूड़ा उठाने के लिए मोबाइल वाहन को बताया गया है। जल्द कूड़े को उठा दिया जाएगा।

### डीएम से करेगें वार्ता

नव निर्वाचित जिला पंचायत सदस्य लक्ष्मण सिंह खत्री ने बताया कि कूड़े का ढेर स्वच्छ भारत अभियान पर पलीता लगा रहा है। साथ ही कई बीमारियों को न्योता दे रहा है। कूड़े की समस्या को लेकर जिलाधिकारी से वार्ता करेंगे।

### कूड़ा प्रबन्धन यार्ड को अन्यत्र स्थानान्तरित शिफ्ट करने की मांग उठाई

देहरादून। उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस के पदाधिकारियों के प्रतिनिधिमंडल ने नगर निगम के मेयर सौरभ थपलियाल से मुलाकात कर कारगी स्थित कूड़ा प्रबन्धन यार्ड को अन्यत्र स्थानान्तरित कराये जाने की मांग की। सोमवार को मेयर को सौंपे ज्ञापन में महिला कांग्रेस अध्यक्ष ज्योति रौतेला ने कहा कि धर्मपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत कारगी स्थित कूड़ा प्रबंधन यार्ड से आसपास के निवासी, विशेषकर महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग पीड़ित हैं। यह यार्ड पर्यावरणीय संकट उत्पन्न कर रहा है और जनस्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा बन चुका है।

कहा कि कूड़ा यार्ड से उठती तीव्र दुर्गंध से सांस लेने में कठिनाई हो रही है।अस्थमा, एलर्जी, खांसी आदि बीमारियां बढ़ रही हैं। कचरे पर मच्छर, मक्खी होने से डेंगू, मलेरिया, टाइफाइड, दस्त जैसी गम्भीर बीमारियों की आशंका बनी हुई है।

# विजयी प्रत्याशियों ने सीएम से मुलाकात कर आभार जताया



रुद्रपुर। पंचायत चुनाव में विजयी हुए प्रत्याशियों ने देहरादून में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुलाकात की और उन्हें प्रतीक चिह्न भेंट कर आभार जताया। रविवार को जिला पंचायत अध्यक्ष ऊधमसिंह नगर अजय मौर्य, ब्लॉक प्रमुख सरिता राणा, पूर्व जिला पंचायत सदस्य रविंद्र राणा, जिला पंचायत सदस्य सूरज राणा, सदफ मलिक, भाजपा नेता सतीश भट्ट, भवानी भंडारी, बॉबी ढींगरा, पप्पू मलिक ने सीएम धामी से मुलाकात की। सभी विजयी प्रत्याशियों से भाजपा की नीतियों, राज्य और केंद्र सरकार द्वारा किए गए कार्यों को जन–जन तक पहुंचाने का आह्वान किया गया। विजयी प्रत्याशियों ने जन समस्याओं का समाधान करने का प्रण लिया। नवनियुक्त जिला पंचायत अध्यक्ष अजय मौर्य ने खटीमा–मझोला मार्ग पर बहुत जल्द कार्य प्रारंभ होने की बात कही। इधर, ब्लॉक प्रमुख सरिता राणा ने विकास कार्यों का जल्द ही खाका तैयार करने की बात कही।

# डीएम बंसल के जनता दर्शन कार्यक्रम में 150 से अधिक शिकायतें प्राप्त



देहरादून। जिलाधिकारी सविन बंसल की अध्यक्षता में ऋषिपर्णा सभागार कलेक्ट्रेटमें जनता दर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जनता दर्शन में आज 150 से अधिक शिकायतें प्राप्त हुई अधिकतर मामले भूमि विवाद सम्बन्धी प्राप्त हुए इसके अतिरक्त नगर निगम, एमडीडीए, लोनिवि, जिला पंचायत, पुलिस, वन, विद्युत आदि विभागों से सम्बन्धित प्राप्त हुई।चुक्खुवाला निवासी सुशीला देवी ने डीएम से गुहार लगाई कि वह गरीब असहाय परितक्यता महिला है जो अपनी पुत्री के साथ मायके रहती है तथा मकान की हालत जीर्णशीर्ण है लगातार हो रही वर्षा से पानी टपकता है तथा आय का कोई साधन नही है बीमार रहती है उन्होंने जिलाधिकारी से घर मरम्मत कराने का अनुरोध किया, जिस पर जिलाधिकारी ने अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व को घर के लिए आपदा मद से प्रस्तावित करने, मुख्य चिकित्साधिकारी को महिला के उपचार कराने तथा समाज कल्याण अधिकारी को महिला का उपचार कराने के निर्देश दिए। भरत सिंह बुटोला प्रेमनगर ने गुहार लगाई कि उन्होंने वर्ष 2012 में सम्पत्ति क्रय कि अब भूमि पर कब्जा नही दिया जा रहा है जिस पर तहसीलदार विकासनगर को कार्यवाही के निर्देश दिए। कांसवाली प्रेमनगर निवासी शिव देवी ने गुहार लगाई बेटे द्वारा अंगूठा लगाकर सम्पत्ति अपने नाम करवा ली है। सावित्री देवी ने डीएम से गुहार लगाई की बेटा उनको घर से बाहर निकाल रहा है तथा बेटी अंजू को उसके पिता ने 1 बीघा भूमि दी थी तब भी बेटे द्वारा उनको और बेटी को परेशान किया जा रहा है जिस पर जिलधिकारी ने तहसीलदार विकासनगर को आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

### दून लाइब्रेरी में बीज बचाओ आंदोलन के प्रणेता विजय जड़धारी सम्मानित

देहरादून। सोमवार को दून लाइब्रेरी एवं शोध केंद्र में इंद्रमणि बडोनी सम्मान समारोह में वरिष्ठ आंदोलनकारी एवं बीज बचाओ आंदोलन के प्रणेता विजय जड़धारी को सम्मानित किया गया। स्व. इंद्रमणि बडोनी की पुण्य तिथि के अवसर पर हुए कार्यक्रम में मुख्य अतिथि गढ़रत्न वरिष्ठ लोकगायक नरेंद्र सिंह नेगी, विशिष्ट अतिथि पद्मश्री कल्याण सिंह रावत, इंद्रमणि बडोनी चैरिटेबल फाउंडेशन के विनोद बडोनी ने जड़धारी को सम्मान पत्र और 51 हजार रुपए प्रदान किए। कार्यक्रम में इंद्रमणि बडोनी पर पुस्तक का विमोचन हुआ, जिसके लेखक गिरीश बडोनी, अनिल नेगी और संपादक गणेश कुकसाल हैं। कार्यक्रम में लोकगायक नरेन्द्र सिंह नेगी, पद्मश्री कल्याण सिंह रावत, डॉ. शैलेन्द्र मैठाणी, गिरीश सुंद्रियाल स्व. इंद्रमणि बडोनी के विचारों, विजय जड़धारी के चार दशक लंबे संघर्ष को याद किया। बीना बेंजवाल ने सम्मान पत्र पढ़ा। विजय जड़धारी ने सम्मान के लिए आभार जताते हुए इंद्रमणि बडोनी के विचारों एवं सिद्धांतों को आगे बढ़ाने पर जोर दिया।

# हाईस्कूल में तय अंक आने पर इंटरमीडिएट जारी रहेगी छात्रवृत्ति

देहरादून। राज्य के माध्यमिक स्कूलों में डॉ.शिवानंद नौटियाल छात्रवृत्ति और श्री देव सुमन राज्य योग्यता छात्रवृत्ति सिर्फ नौवीं और 10वीं के छात्रों को ही मिल रही है। जबकि इसे 11वीं और 12वीं में भी अंक प्रतिशत की बाध्यता के साथ जारी रखने की व्यवस्था है। लेकिन दसवीं के बाद छात्रवृत्ति जारी रखने के लिए बजट की मांग तक नहीं की जा रही है। इससे बड़ी संख्या में छात्र–छात्राएं इंटरमीडिएट स्तर पर छात्रवृत्ति लेने से वंचित रह जा रहे हैं। इन दोनों ही छात्रवृत्ति के लिए आठवीं कक्षा में अध्ययनरत छात्रों की राज्य स्तरीय परीक्षा होती है। जिसमें डॉ.शिवानंद नौटियाल छात्रवृत्ति के लिए 100 और श्री देव सुमन राज्य योग्यता छात्रवृत्ति के लिए प्रदेशभर के 475 छात्र–छात्राओं का चयन किया जाता है। डॉ.शिवानंद नौटियाल छात्रवृत्ति परीक्षा की मेरिट में आने वाले छात्रों को 1500 रुपये प्रतिमाह और श्री देव सुमन राज्य योग्यता छात्रवृत्ति में चयनित होने वाले छात्रों को 1000 रुपये प्रतिमाह की छात्रवृत्ति दी जाती है। यह छात्रवृत्ति 12वीं उर्त्तीण करने तक देने की व्यवस्था है। लेकिन जिलों से 11वीं और 12वीं के छात्र–छात्राओं को छात्रवृत्ति देने के लिए बजट की मांग ही नहीं की जा रही है। मामला सामने आने पर सभी मुख्य शिक्षा अधिकारियों को बजट की मांग करने के आदेश दिए गए हैं, ताकि छात्रवृत्ति 10वीं के बाद भी जारी रहे। निदेशक माध्यमिक शिक्षा डॉ.मुकुल कुमार सती ने कहा कि विभाग के पास पर्याप्त बजट है।

# उत्तराखंड आंदोलन के इतिहास को पाठ्यक्रमों में शामिल करने की मांग

ऋषिकेश। उत्तराखंड राज्य आंदोलन के प्रणेता स्वर्गीय इंद्रमणि बडोनी को उनकी पुण्यतिथि पर याद किया गया। विभिन्न संगठनों ने उनकी पुण्यतिथि पर कार्यक्रम आयोजित किए। जिसमें स्व इंद्रमणि बडोनी के चित्र पर पुष्प अर्पित किए गए।

मेयर शंभू पासवान ने कहा कि इंद्रमणि बडोनी ने प्रदेश के निर्माण में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है, जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता है। उनका जीवन सदा हमारे लिए प्रेरणास्त्रोत रहेगा। वह उत्तराखंड के लोगों के हृदय में सदा वास करेंगे। बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पास किया गया उत्तराखंड आंदोलन के इतिहास को पाठ्यक्रमों में सम्मिलित किया जाए। ताकि उन महान विभूतियों के इतिहास को राज्य की नई पीढी जान सके। सोमवार को उत्तराखंड राज्य निर्माण सेनानियों ने नगर निगम परिसर ऋषिकेश में स्वर्गीय इंद्रमणि बडोनी की पुण्यतिथि पर कार्यक्रम आयोजित किया। नगर निगम मेयर शंभू पासवान ने कहा कि स्वर्गीय इंद्रमणि बडोनी के संघर्ष के परिणाम से ही राज्य निर्माण हो पाया है। वह उत्तराखंड के प्रत्येक व्यक्ति के प्रेरणास्त्रोत रहे है। उनके संघर्ष को भुलाया नहीं जा सकता है। बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पास किया गया उत्तराखंड आंदोलन के इतिहास को पाठ्यक्रमों में सम्मिलित किया जाए। ताकि उन महान विभूतियों के इतिहास को राज्य की नई पीढी जान सके। इस दौरान स्वतंत्रता आंदोलन के महानायक सुभाषचंद्र बोस एवं उत्तराखंड राज्य आंदोलन के प्रणेता स्वर्गीय इंद्रमणि बडोनी की पुण्यतिथि पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किए गए।

### प्रयोगशाला सहायक भर्ती परीक्षा 24 अगस्त को होगी

देहरादून। 30 पदों के लिए 16 हजार अभ्यर्थियों ने किया है आवेदन देहरादून( आरएनएस)। उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग के तहत प्रयोगशाला सहायक (रसायन विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, उद्यान विज्ञान) और मशरूम पर्यवेक्षक वर्ग तीन, पशुपालन विभाग के अंतर्गत प्रयोगशाला सहायक के रिक्त पदों पर 24 अगस्त को भर्ती परीक्षा अयोजित की जाएगी। उत्तराखंड सेवा चयन आयोग के सचिव डॉ. शिव कुमार बरनवाल ने बताया कि परीक्षा रविवार को एकल पाली में सुबह 11 बजे से अपराह्न एक बजे बजे तक आयोजित होगी। अभ्यर्थियों के प्रवेश सोमवार को आयोग की वेबसाइट पर प्रकाशित कर दिए गए हैं। सचिव बरनवाल ने बताया कि तीन विभागों के लिए कुल 30 रिक्त पदों के सापेक्ष कुल 15 हजार 887 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है।

# राजू को मिला नया जीवन; अब है स्वस्थ; डीएम स्वयं कर रहे थे मॉनीटरिंग



देहरादून। जिला प्रशासन के सहयोग से हेल्पिंग हेंड चिकित्सालय में असहाय व्यथित राजू का सफल उपचार कर लिया है राजू अब पूरी तरह से स्वस्थ है तथा उनकी ड्रेसिंग चल रही है। जिलाधिकारी सविंन बसंल के निर्देश पर जिला प्रशासन की टीम प्रतिदिन निरंतर राजू का हालचाल जानने चिकित्सालय जाती है तथा डीएम स्वयं राजू के उपचार की मॉनिटरिंग कर रहे हैं। जिला प्रशासन की टीम चिकित्सालय के सम्पर्क में बनी रही। जिलाधिकारी ने चिकित्सालय प्रबन्धन का राजू के उपचार में सहयोग हेतु अभार व्यक्त किया। जिला प्रशासन तथा हेल्पिंग हेंड चिकित्सालय के सहयोग से राजू के उपचार सम्भव हो पाया। जिला प्रशासन राजू के पुनर्वास की भी तैयारी कर रहा है इसके लिए जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं।विगत माह कलेक्टेज्ट परिसर में असहाय राजू पंहुचा जिसका एक हाथ बुरी तरह से जला हुआ था। राजू ने जिलाधिकारी को अपनी पीड़ा सुनाते हुए बताया कि वह होटल में मजदूरी कराता है तथा चमोली में उसका गर्म पानी से जल गया, दून अस्पताल ने हायर सेंटर को रेफर कर दिया है, उसके पास उपचार के लिए पैसे नही है। जिस पर जिलाधिकारी संविन बसंल ने बर्न स्पेशलिस्ट निजी चिकित्सालय से दूरभाष पर वार्ता करते हुए राजू के उपचार का अनुरोध किया जिस हेल्पिंग हेंड हॉस्पिटल के डॉ कुश ने राजू को तत्काल हास्पिटल भेजने को कहा। जिला प्रशासन ने सारथी वाहन से राजू को चिकित्सालय में भर्ती कराया।दरअसल असहनीय पीड़ा से छटपटाते हुए अचानक राजू नाम का एक व्यक्ति डीएम दफ्तर पहुंचा। कहा ''साहिब मेरा नाम राजू है। मेरे कोई भी अपना नही है, लावारिस हूॅ। गढ़वाल से आया हूॅ। मेरे हाथ पर गरम पानी गिरने से हाथ जल गया है। इलाज की जरूरत है। बहुत दर्द हो रहा है। अस्पताल में कोई डॉक्टर नहीं सुन रहा, बहुत परेशान हूॅ, हाथ की सर्जरी होनी है। पैसा नही है, मदद करों। अपने रुंधे कंठ से ये कहते कहते राजू की आंखें दर्द के आंसुओं से छलक उठी।जिलाधिकारी सविन बंसल ने पूरी संवेदना के साथ असहाय, अनाथ राजू की मार्मिक व्यथा सुनी। राजू के बूरी तरह जले हाथ के असीमित और असहनीय पीड़ा को महसूस किया और बिना समय गंवाये राजू के उपचार हेतु फोन पर चिकित्सकों से परामर्श किया। दून अस्पताल ने राजू के हाथ की गंभीर हालत को देखते हुए हायर सेंटर रेफर करने की सलाह दी। जिलाधिकारी ने सहस्त्रधारा आईटी पार्क स्थित एक निजी अस्पताल में स्पेशलिस्ट चिकित्सक डॉ कुश से वार्ता की और राजू को तत्काल प्रशासन के सारथी वाहन से चिकित्सक के पास पहुंचाया।

# बर्ड फ्लू से बचाव को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित

### मुर्गियों और अंडों के आयात पर 21 अगस्त तक लगा प्रतिबंध

अल्मोड़ा। एवियन इन्फ्लुएंजा (एच5एन1) बर्ड फ्लू की रोकथाम और बचाव को लेकर सोमवार को जिलाधिकारी कार्यालय में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मुख्य विकास अधिकारी रामजीशरण शर्मा ने की। बैठक में बताया गया कि फिलहाल जनपद अल्मोड़ा में बर्ड फ्लू का कोई भी पॉजिटिव मामला सामने नहीं आया है, लेकिन एहतियाती कदम उठाते हुए जिले की सीमाओं को मुर्गियों और अंडों के व्यापार के लिए सील कर दिया गया है। साथ ही जिले के बाहर से मुर्गियों और अंडों के आयात पर 21 अगस्त तक पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है।

किसानों और व्यापारियों से अपील की गई कि वे स्वयं भी जागरूक रहें और जनपद के बाहर से किसी भी प्रकार के पक्षियों अथवा अंडों का आयात न करें। बैठक में अवगत कराया गया कि जिलाधिकारी की अध्यक्षता में एक त्वरित टास्क फोर्स का गठन किया गया है। इसके साथ ही सभी विकासखंडों में रैपिड रिस्पांस टीमें बनाई गई हैं, ताकि किसी भी आपात स्थिति से तुरंत निपटा जा सके। पशुपालन विभाग को विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए, वहीं अन्य सभी विभागों से भी पूरी तैयारी रखने और किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरतने के लिए कहा गया। मुख्य विकास अधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे सजग और सतर्क रहकर अपनी तैयारियों को सुनिश्चित करें और दिए गए दिशा–निर्देशों का गंभीरता से पालन करें। उन्होंने पशुपालन विभाग को पोल्ट्री फार्मों की नियमित जांच करने और संचालकों को सतर्क एवं जागरूक बनाए रखने के भी निर्देश दिए।

### अभय प्रताप बनें प्रदेश उपाध्यक्ष

रुद्रप्रयाग : राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद उत्तराखंड के ग्यारहवें द्विवार्षिक अधिवेशन में सर्व सम्मति से उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग के अरुण पाण्डेय को प्रदेश अध्यक्ष एवं सिंचाई विभाग के गिरिजेश काण्डपाल को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, जबकि ग्राम्य विकास विभाग के शान्ति प्रसाद भट्ट को प्रदेश महामंत्री चुना गया है। वहीं ग्राम्य विकास विभाग के ही रमेश सिंह कनवाल को प्रदेश सम्प्रेक्षक चुना गया है। बैठक के बाद राजकीय ओप्टोमैट्रिस्ट संघ के के प्रदेश महासचिव अजय प्रताप सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया है कि उन्होंने राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद उत्तराखण्ड के अधिवेशन में इक्कीस सौ रूपये सदस्यता शुल्क देकर अपने युनियन की विधिवत रूप से राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद उत्तराखण्ड के साथ सम्बन्द्धता करवा दी है। उन्होंने बताया कि इसी क्रम में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जखोली में कार्यरत वरिष्ठ दृष्टिभितिज्ञ अजय प्रताप सिंह को समूचे स्वास्थ्य विभाग उत्तराखण्ड से उपाध्यक्ष पद पर मनोनित किया गया है।

# शिक्षक बोले, प्रधानाचार्य की सीधी भर्ती निरस्त करें




रुद्रपुर। राजकीय इंटर कॉलेज बागवाला में सोमवार को राजकीय शिक्षक संघ ने विभिन्न लंबित मांगों को लेकर धरना–प्रदर्शन किया। शिक्षकों ने प्रधानाचार्य की सीधी भर्ती निरस्त करने की मांग की। पदाधिकारियों ने सरकार और शिक्षा विभाग के उदासीन रवैये की कड़ी आलोचना करते हुए आंदोलन तेज करने की चेतावनी दी। शिक्षकों ने रुकी हुई पदोन्नति प्रक्रिया बहाल करने, स्थानांतरण प्रक्रिया गतिमान करने, चयन प्रोन्नत वेतन निर्धारण पर न्यायालय के हालिया आदेश के अनुसार वेतन वृद्धि लागू करने, माध्यमिक शिक्षकों के लिए वरिष्ठ व कनिष्ठ वेतन निर्धारण संबंधी आदेश जारी करने की मांग उठाई। साथ ही संघ ने प्रधानाचार्य की सीधी भर्ती को किसी भी हाल में निरस्त करने और अटल आदर्श विद्यालयों में कार्यरत व नवीन चयनित शिक्षकों के गुणांक समान करने की भी मांग की।प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि जब तक मांगें पूरी नहीं होतीं, आंदोलन जारी रहेगा। इस दौरान राजकीय शिक्षक संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष राजकुमार चौधरी ने कहा कि यदि सरकार ने शीघ्र कदम नहीं उठाए तो 25 अगस्त को ब्लॉक मुख्यालय, 27 को जिला मुख्यालय, 29 अगस्त को मंडल मुख्यालय और 1 सितंबर से शिक्षा निदेशालय देहरादून में धरना–प्रदर्शन होगा।

# जन सुनवाई कार्यक्रम में विभिन्न विभागों से संबंधित 33 समस्याएं हुई दर्ज



हरिद्वार। जनपदवासियों की समस्याओं का त्वरित निराकरण करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मयूर दीक्षित की अध्यक्षता में प्रत्येक सोमवार को जिला कार्यालय सभागार में जन सुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है, आज जनसुनवाई कार्यक्रम में 33 लोगों द्वारा अपनी समस्याएं दर्ज कराई गई जिसमें 12 समस्याओं का मौके पर निराकरण किया गया शेष समस्याओं हेतु संबंधित विभागों को प्रेषित किया गया। जनसुनवाई कार्यक्रम में पार्षद आकर्षिक शर्मा ने ज्वालापुर स्थित जतलेश्वर महादेव मंदिर के समाने भूमि पर अवैध तरीके से हो रहे अतिक्रमण को रोकने के लिए शिकायत की गई। ग्राम प्रधान रेशमा जहां ने ग्राम दादुपुर के मुख्य मार्ग पर दुकानदारों एवं कबाड़ियों द्वारा किए गए अतिक्रमण को हटाने की मांग की गई साथ ही ग्राम दादूपुर गोविंदपुर में रॉयल गेस्ट हाउस के सामने दादूपुर सलेमपुर को जोड़ने वाले जोड़ने वाले मुख्य मार्ग पर बारिश के कारण हो रहे कटाव रोकने को लेकर शिकायत की गई। पंकज कुमार निवासी ग्राम अन्नेकी ने ग्राम प्रधान अन्नेकी हेतमपुर द्वारा फर्जी मार्कशीट के आधार पर चुनाव जीता है इसीलिए जांच कर आवश्यक करवाई की मांग की गई। मास्टर अजीम ने दरगाह की साबरी मस्जिद की मरम्मत तथा रंग रोगन के संबंध में प्रार्थना पत्र दिया। राव शाबान निवासी सलेमपुर महादूद ने खाले के पुल से धोबी घाट तक स्कूल तक सड़क निर्माण को लेकर प्रार्थना पत्र दिया। साईं धाम कॉलोनी वासियों द्वारा नाला पटरी को अतिक्रमण मुक्त करवाने को लेकर आवश्यक करवाई की मांग की गई।ईशान इंपीरियल सोसाइटी द्वारा अपने परिसर में मंदिर निर्माण के लिए प्रार्थना पत्र दिया।महिपाल सिंह ग्राम अन्नेकी हेतमपुर ने अपनी भूमि की पैमाईश कराए जाने के लिए प्रार्थना पत्र दिया। जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जनसुनवाई में जनता द्वारा जो भी समस्याएं दर्ज कराई जा रही है उन समस्याओं को त्वरित एवं समयबद्धता के साथ निराकरण करना सुनिश्चित करे। इसमें किसी भी प्रकार की कोई लापरवाही एवं स्थिलता नहीं होनी चाहिए, स्थिलता बरती जाने पर संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध आवश्यक करवाई सुनिश्चित की जाएगी,उन्होंने ये भी निर्देश दिए है कि जिन समस्याओं पर स्थलीय निरीक्षण मौका मुआयना किया जाना है उसके लिए तत्काल मौके पर जाकर आवश्यक करवाई करना सुनिश्चित करे,तथा इसकी आख्या जिला कार्यालय को भी उपलब्ध कराना सुनिश्चित करे।सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों को सभी अधिकारी गंभीरता एवं समयबद्धता के साथ करना सुनिश्चित करे। सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए है कि एल 1 एल 2 पर जो भी शिकायतें लंबित है उन शिकायतों का तत्परता से निस्तारण करना सुनिश्चित करे,इसमें किसी भी प्रकार से 180 दिन की एक भी शिकायत नहीं होनी चाहिए । उप जिलाधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि जितने भी पेंडिंग अपीले है उन्हें तत्परता से समयबद्धता के अंदर खत्म करे,सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों को सभी अधिकारी गंभीरता से लेते हुए उसका निस्तारण संवेदनशीलता के साथ निस्तारण करना सुनिश्चित करे।


जयन्त

संस्थापक

स्व.नरेन्द्र उनियाल

प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी

नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित

–सम्पादक

नागेन्द्र उनियाल

आर.एन.आई. 35469/79

फोन/फैक्स 01382–222383

मो. 8445596074, 9412081969

e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com